03 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 192


पानी से आसमान तक चल रहा युद्धाभ्यास



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# 74 साल बाद होगी देश में जातीय जनगणना, जातियों के डेटा जुटाने की दिशा में मोदी कैबिनेट का बड़ा कदम

- ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं की मांग बढ़ने से गणना की मांग जोर पकड़ने लगी
- कांग्रेस ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना का फैसला किया, बजट पास हुआ, जनगणना पूरी हुई, लेकिन डेटा सार्वजनिक नहीं किया

**आजाद सिपाही विशेष**

देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना करायी जायेगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को जाति जनगणना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देगा, साथ ही नीति निर्माण में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। देश में इसी साल के आखिर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि जाति जनगणना की शुरुआत सितंबर में की जा सकती है। हालांकि जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने में एक साल लगेंगे। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में मिल सकेंगे। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था। जाति जनगणना के एलान के बाद राहुल गांधी ने कहा कि आखिरकार सरकार ने जाति जनगणना की बात कह दी है। हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगस्त 2024 में कहा था कि जनगणना 'उचित समय' पर होगी और यह 2025 में शुरू हो सकती है। जिसके डेटा 2026 तक प्रकाशित हो सकते हैं। केंद्रीय कैबिनेट का हालिया फैसला 2025 में होने वाली जनगणना में सभी जातियों के डेटा जुटाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। यह फैसला सामाजिक-आर्थिक नीतियों को और प्रभावी बनाने के लिए लिया गया है, विशेष रूप से उन समुदायों के लिए जो इससे वंचित रहे हैं। आखिर जातिगत जनगणना है क्या, और इसके क्या फायदे और नुकसान क्या हो सकते हैं बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

## क्या है जातिगत जनगणना

जातिगत जनगणना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें देश की आबादी को उनकी जाति के आधार पर बांटा जाता है। भारत में हर दस साल में होने वाली जनगणना में आमतौर पर आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक-आर्थिक मापदंडों पर डेटा इकट्ठा किया जाता है। हालांकि, 1951 के बाद से जातिगत डेटा को इकट्ठा करना बंद कर दिया गया था, ताकि सामाजिक एकता को बढ़ावा मिले और जातिगत विभाजन को कम किया जा सके। फिलहाल केवल अनुसूचित जाति, (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की जनसंख्या का डेटा इकट्ठा किया जाता है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य वर्ग की जातियों का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आयेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6% थीं।

## जातिगत जनगणना का इतिहास

भारत में जातिगत जनगणना का इतिहास औपनिवेशिक काल से जुड़ा है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी, और 1881 से नियमित रूप से हर दस साल में यह प्रक्रिया शुरू हुई। उस समय जातिगत डेटा इकट्ठा करना सामान्य था। हालांकि, आजादी के बाद 1951 में यह फैसला लिया गया कि जातिगत डेटा इकट्ठा करना सामाजिक एकता के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके बाद केवल एससी और एसटी का ही डेटा इकट्ठा किया गया।

## आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं की मांग बढ़ी

पिछले कुछ सालों में सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है। ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं की मांग काफी बढ़ गयी है। ऐसे में जातिगत जनगणना की मांग फिर से जोर पकड़ने लगी। 2011 में यूपीए सरकार ने सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना (एसइसीसी) की थी, लेकिन इसके आंकड़े विसंगतियों के कारण सार्वजनिक नहीं किये गये। बिहार, राजस्थान और कर्नाटक जैसे राज्यों ने स्वतंत्र रूप से जातिगत सर्वे किये, जिनके नतीजों ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में ला दिया।

## विपक्षी दल लंबे समय से कर रहे थे मांग

विपक्षी दल, कांग्रेस, आरजेडी, सपा आदि लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। भाजपा का सहयोगी दल जदयू भी जातीय जनगणना के पक्ष में था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में इसे प्रमुख मुद्दा बनाया था। क्षेत्रीय दलों का मानना है कि जातिगत आंकड़े नीति निर्माण में मदद करेंगे, जबकि केंद्र सरकार ने पहले इसे प्रशासनिक रूप से जटिल और सामाजिक एकता के लिए खतरा माना था।



## 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई लेकिन आंकड़े जारी नहीं

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवायी गयी थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किये गये। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किये गये हैं।

## जातिगत जनगणना के क्या हो सकते हैं फायदे?

जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। उनका कहना है कि जातिगत आंकड़े सरकार को विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे। उदाहरण के लिए, यह पता लगाया जा सकता है कि कौन सी जातियां शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे ज्यादा वंचित हैं। इससे कल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके अलावा ओबीसी और अन्य वंचित समुदायों की सटीक जनसंख्या के अभाव में, आरक्षण नीतियों को लागू करना और संसाधनों का उचित वितरण करना मुश्किल हो रहा है। मंडल आयोग (1980) ने ओबीसी की आबादी को 52% माना था, लेकिन यह अनुमान पुराने डेटा पर आधारित था। नये आंकड़े आरक्षण की सीमा और वितरण को और पारदर्शी बना सकते हैं।

जातिगत जनगणना से उन समुदायों की पहचान हो सकेगी जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं। जातिगत डेटा सामाजिक असमानताओं को उजागर करेगा, जिससे सरकार और समाज को इन मुद्दों को संबोधित करने का अवसर मिलेगा। उदाहरण के लिए अगर किसी विशेष जाति की आय या शिक्षा का स्तर राष्ट्रीय औसत से काफी कम है, तो इसे सुधारने के लिए नीतियां बनायी जा सकती हैं।

## जातिगत जनगणना के नुकसान

जातिगत जनगणना के कई फायदे हैं, लेकिन इसके संभावित नुकसान और जोखिम भी कम नहीं हैं। आलोचकों का मानना है कि यह सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर कई चुनौतियां पैदा कर सकता है। आलोचकों का तर्क है कि जातिगत जनगणना समाज में पहले से मौजूद जातिगत विभाजन को और गहरा कर सकती है। वहीं जातिगत आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक की राजनीति के लिए किया जा सकता है। क्षेत्रीय दल और जातिगत आधार पर संगठित पार्टियां इसका लाभ उठाकर सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकती हैं। इससे सामाजिक तनाव और हिंसा की संभावना बढ़ सकती है।

## जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की

80 के दशक में जातियों पर आधारित कई क्षेत्रीय पार्टियां उभरीं। इन पार्टियों ने सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण दिये जाने को लेकर अभियान चलाया। इसी दौरान जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की।

भारत सरकार ने साल 1979 में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के मसले पर मंडल कमीशन का गठन किया। मंडल कमीशन ने ओबीसी के लोगों को आरक्षण देने की सिफारिश की। इस सिफारिश को 1990 में उस वक्त के प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसके बाद देशभर में सामान्य श्रेणी के छात्रों ने उग्र विरोध प्रदर्शन किये। साल 2010 में लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव जैसे ओबीसी नेताओं ने मनमोहन सरकार पर जातिगत जनगणना कराने का दबाव बनाया।

इसके साथ ही पिछड़ी जाति के कांग्रेस नेता भी ऐसा चाहते थे। वहीं मनमोहन सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना यानी एसइसीसी कराने का फैसला किया। इसके लिए 4 हजार 389 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ। 2013 में ये जनगणना पूरी हुई, लेकिन इसमें जातियों का डेटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।

# झारखंड डीजीपी विहीन, अनुराग गुप्ता के फैसले नियम विरुद्ध: बाबूलाल

**मुख्यमंत्री अविलंब राज्य में दूसरे डीजीपी की नियुक्ति करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दो दिनों से झारखंड संवैधानिक रूप से डीजीपी विहीन राज्य है। इतना ही नहीं झारखंड में एसीबी, सीआइडी और पुलिस सभी के डीजीपी का पद रिक्त है। कहा कि अनुराग गुप्ता द्वारा दिये जा रहे निर्देश, निर्णय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में पूरी तरह असंवैधानिक है। कहा कि एक आइपीएस अफसर जिस पर भ्रष्टाचार, पक्षपात और फ्रॉड का आरोप हो, कोई भी सरकार अपने राज्य और जनता की सुरक्षा उसके हवाले कैसे कर सकती है?

श्री मरांडी ने कहा कि 1990 बैच के आइपीएस अनुराग गुप्ता पर आरोपों की लिस्ट काफी लंबी है। उन पर बिहार के जमाने में मगध यूनिवर्सिटी पुलिस स्टेशन केस नंबर 64/2000 धारा 420,467,468,471,474,109, 116, 120 बी और 201के तहत और सेक्शन 13 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का केस हुआ था। कहा कि जहां तक मुझे स्मरण है कि मेरे मुख्यमंत्रित्व काल के अंतिम दिनों में उस मामले में प्रॉसिक्यूशन सैंक्शन के लिए बिहार से अनुरोध पत्र भी आया था। उस पर आगे क्या हुआ इसका मुझे स्मरण में नहीं है। कहा कि हेमंत सोरेन ने खुद इन्हें 24 फरवरी 2020-से 9 मई 2022 (26 महीने) निलंबित किये रखा। लेकिन इस दौरान हेमंत सोरेन और अनुराग गुप्ता की नजदीकियां इतनी बढ़ीं कि सस्पेंशन की अवधि खत्म होते ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को वापस झारखंड में ही नियुक्ति दे दी।

कहा कि हेमंत का अनुराग गुप्ता के प्रति नफरत के अचानक निकटता में बदलने के वजह के बारे में जानने की जिज्ञासा हुई तो पता चला कि इनकी नियुक्ति की शर्त यह थी कि उन्हें झारखंड में




इडी के मुकदमों को मैनेज करना होगा और सरकार के भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले गवाहों पर झूठे केस चलाकर दबाव बनाना होगा। तभी से यह अटूट साझेदारी चली आ रही है। वरना झारखंड प्रशासन में वरिष्ठ और योग्य आइपीएस अफसरों की कोई कमी न तो पहले थी, न ही आज है। कहा कि अनुराग गुप्ता के प्रयास से इडी के अफसरों को डराने और काम से रोकने के लिए तीन-तीन मुकदमे पुलिस में दर्ज करवाये गये। जिनके जांच और कार्रवाई पर हाइकोर्ट को रोक लगानी पड़ी है।

अभी हाल में इडी के तीन गवाहों को पुलिस केस कर जेल भेजा गया। राज्य सेवा के कुछ अफसर जिनके बयान एवं कार्रवाई पर इडी ने कारवाई कर बड़ी मछलियों को पकड़ा वैसे अफसरों पर एसीबी और पुलिस के जरिये कार्रवाई कर उन पर इडी के खिलाफ बोलने का दबाव बनाया जा रहा है। कहा कि क्या कारण है कि जनवरी 2025 से अब तक पूजा सिंघल, छवि रंजन, आलमगीर आलम समेत दस से भी ज्यादा सरकारी लोगों पर प्रॉसिक्यूशन सेंक्शन के लिए इडी ने झारखंड सरकार को अनुरोध भेजा हुआ है। लेकिन एक भी मामले में झारखंड सरकार ने अबतक सेंक्शन नहीं दिया है। कहा कि 2024 में चुनाव आयोग ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को अपने पद का दुरुपयोग करने का दोषी पाया और उन्हें हटा कर दूसरे डीजीपी की नियुक्ति की। लेकिन हद तो तब हो गयी, जब मुख्यमंत्री बनने के कुछ घंटों के अंदर ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। कहा कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना करके अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। फिर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 7 जनवरी को आनन-फानन में ऑल इंडिया सर्विस रूल्स (1958) को दरकिनार करते हुए सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए एक नयी नियमावली ही बना डाली।

कहा कि ऑल इंडिया सर्विस नियमों के अनुसार, सरकार को डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल की अनुशंसा यूपीएससी को भेजनी होती है, किंतु झारखंड सरकार ने अपनी मर्जी से नियम बनाकर यह ज़िम्मेदारी खुद ही ले ली। यह भली-भांति जानते हुए कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को रिटायर होने वाले हैं, सरकार ने सारे नियम-कानूनों को धत्ता बताते हुए 3 फरवरी को उन्हें झारखंड का डीजीपी नियुक्त कर दिया। जानबूझकर रिटायरमेंट के 2 महीने पहले नियुक्ति करना दर्शाता है कि वे नियुक्ति के बाद कम से कम दो साल डीजीपी बनाये रखने वाले नियम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं। कहा कि इस असंवैधानिक नियुक्ति के संदर्भ में गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को जो पत्र लिखा है, उसका जवाब में हेमंत सोरेन गृह मंत्रालय को ही पुनर्विचार करने को बोल रहे हैं। सरकार नियमों को ताक पर रखकर संवैधानिक पदों की गरिमा समाप्त कर रही है। कहा यह सिर्फ. डीजीपी की नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है – झारखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सीआइडी का कार्यभार भी गैर कानूनी तरीके से यही संभाल रहे हैं। अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में कोयले की चोरी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भ्रमण के दौरान जब धनबाद इलाके में मुझे लोगों ने बताया कि उस इलाके से रोजाना पांच सौ ट्रक से भी ज्यादा कोयले की चोरी हो रही है तो मैंने यह बात सरकार के संज्ञान लाया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। श्री मरांडी ने अविलंब राज्य में डीजीपी नियुक्त करने की मांग की। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

# 15 मई तक खाते में आ सकती है मंईयां योजना की राशि




**रांची(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की आयु के लाभार्थियों को 15 मई से पहले लगभग 43 लाख लाभार्थियों को दो महीने की किस्त के तौर पर 5,000 रुपये जारी करने की तैयारी चल रही है। बता दें कि अपात्र लाभार्थियों और बैंक खातों में गड़बड़ी की जांच के बाद होली से पहले लगभग 38 लाख लाभार्थियों को तीन महीने की किस्त दी गयी थी। शेष 18 लाख लाभार्थियों की जांच अभी भी चल रही है। जिला स्तर पर आधार सीडिंग का काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए विशेष शिविर लगाकर खातों को अपडेट किया जा रहा है। रांची में 29 अप्रैल को एक दिन का शिविर लगाया गया था, जबकि कई अन्य जिलों में 5 मई तक आधार सीडिंग का काम चलेगा।**

www.epaper.azadsipahi.in

03 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 192

केदारनाथ धाम के कपाट खुले, 108 क्विंटल फूलों से मंदिर सजाया






# जल से आसमान तक चल रहा युद्धाभ्यास

## यूपी के गंगा एक्सप्रेस-वे पर हरक्यूलिस, जगुआर, मिग और राफेल समेत 15 एयरक्राफ्ट का 'टच एंड गो'





- पहली बार नाइट लैंडिंग ट्रायल भी हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ गया है। इस दौरान भारत लगातार अपनी सैन्य ताकत का आकलन कर रहा है। जमीन से आसमान और हवा में युद्धाभ्यास किया जा रहा है। दो दिन पहले जहां अरब सागर में युद्धाभ्यास हुआ था, वहीं शुक्रवार को लड़ाकू विमानों ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाया।

3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर जगुआर, मिराज जैसे 15 लड़ाकू विमानों ने आंधी-तूफान के बीच 'टच एंड गो' किया। सबसे पहले सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने एक्सप्रेस-वे पर 'टच एंड गो' किया। इसके बाद जगुआर, मिग और राफेल विमानों ने एक साथ आसमान में युद्धाभ्यास किया। करीब दो घंटे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। इसके बाद शाम को तीन घंटे का नाइट लैंडिंग शो हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे। पूरा इलाका तालियों और वंदेमातरम की आवजा से गूंज उठा।

### आसमान में एयरफोर्स की ताकत दिखी

गंगा एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग हुई। शाहजहांपुर की धरती पर 15 लड़ाकू विमानों ने टच टाउन किया। सबसे पहले मालवाहन विमान ने लैंड किया। इसके बाद एक के बाद एक विमानों ने आसमान में उड़ान भरी। दोपहर 12.48 पर शुरू हुए एयर शो में एसयू 30, सी 130, एएन 32, मिग 29, राफेल, जगुआर, एमआइ 70 ने आसमान में एयरफोर्स की ताकत दिखायी। वायु सेना की ताकत देखने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे थे। जिन्हें पास नहीं मिला वह खेतों में लड़ाकू विमानों की लैंडिंग देखने पहुंच गये।

### नाइट लैंडिंग ट्रॉयल रहा सफल


जलालाबाद के गांव पीरू के पास बने एयरशो के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम दो महीने पहले तय था, लेकिन पाकिस्तान के साथ मौजूदा रिश्ते को देखते हुए इस कार्यक्रम को अहम माना जा रहा है। दोपहर के बाद शाम को सात बजे से रात दस बजे तक एक बार फिर नाइट लैंडिंग का ट्रॉयल हउआ। इसे भी वायु सेना ने सफलतापूर्वत पूरा किया। गंगा एक्सप्रेस-वे यूपी का चौथा ऐसा एक्सप्रेस-वे है, जिसमें हवाई पट्टी है। यह रात में लैंडिंग की क्षमता वाला देश का पहला एक्सप्रेस-वे है।

# पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का यूट्यूब और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में बंद

- चार पाकिस्तानी क्रिकेटर का भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर बैन
- पहलगाम हमले के आतंकी कश्मीर के जंगलों में ही छिपे हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का आधिकारिक यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन



अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिये हैं। उधर, पाकिस्तान ने दो दिन बाद वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाये थे। शुक्रवार को 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गयी। ये लोग वीजा रद्द होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे।

वहीं, पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने लगातार 8वें दिन एलओसी पर सीजफायर वायलेशन किया। इसके अलावा इंटरनेशनल बॉर्डर पर मौजूद जम्मू-कश्मीर के पांच इलाकों पर भी सीजफायर वायलेशन किया गया। इस फायरिंग को देखते हुए कम्युनिटी और दूसरे बंकरों को तैयार करना शुरू कर दिया है, ताकि फायरिंग बढ़ने पर इनका इस्तेमाल किया जा सके।

पहलगाम में शुक्रवार को आइएनए और फोरेंसिक टीम बायसरन घाटी में जांच करने पहुंची। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि पहलगाम हमला करने वाले आतंकी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। बताते चलें कि पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को गोली मारी थी।

## सरकार की रणनीति साफ नहीं : खड़गे




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को 10 दिन हो चुके हैं। हमले पर सरकारी की रणनीति साफ नहीं है, जबकि पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। खड़गे कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के सामने जो भी चुनौतियां हैं, उनका एकजुट होकर मुकाबला किया जायेगा। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। पूरी दुनिया को हम ये संदेश दे चुके हैं।

## राजस्थान इंटेलिजेंस ने आइएसआइ के जासूस को गिरफ्तार किया

जैसलमेर (आजाद सिपाही)। राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर के पठान खान को पाकिस्तान की आइएसआइ के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत केस दर्ज किया गया है। उसे करीब एक महीने पहले हिरासत में लिया गया था और तब से उससे पूछताछ की जा रही थी। उसे औपचारिक रूप से 1 मई 2025 को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि पठान खान 2013 में पाकिस्तान गया था, जहां वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क में आया। पाकिस्तान में उसे पैसों का लालच दिया गया और जासूसी की ट्रेनिंग दी गयी। 2013 के बाद भी वह पाकिस्तान जाकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों से मिलता रहा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ साझा करता रहा।

## पाकिस्तान का इतिहास आतंकवाद से जुड़ा : बिलावल भुट्टो

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद के साथ इतिहास रहा है, यह कोई सीक्रेट नहीं है। स्काई न्यूज ने गुरुवार को पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर बिलावल भुट्टो से सवाल पूछा था। ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले के बाद कहा था कि पाकिस्तान 30 साल से आतंकवादियों को फंडिंग कर रहा है। बिलावल ने आसिफ के बयान का समर्थन किया और कहा कि पाकिस्तान ने अपनी गलतियों का अंजाम भुगता।



## न्यूज रील्स

### अमित शाह 10 मई को आयेंगे रांची



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में 10 मई को इस्टर्न जोनल काउंसिल की अहम बैठक का आयोजन किया जायेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में झारखंड, बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। बैठक को देखते हुए रांची पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिटी, ग्रामीण और ट्रैफिक एसपी सहित सभी डीएसपी और थानेदारों के साथ हाइ लेवल मीटिंग कर सुरक्षा रणनीति पर चर्चा की। 27वीं इस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में चार राज्यों के बीच आर्थिक सहयोग, सामाजिक योजनाएं, सीमा विवाद, अंतरराज्यीय परिवहन और विकास परियोजनाओं की प्रगति जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। परिषद का उद्देश्य राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करना और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान निकालना है।

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू-श्रीनगर हाइवे (एनएच-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि हाइवे साफ हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एसीआर, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गयी।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक-एक कर चुनावी वादों को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का वादा किया था। इस वादे को अब पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को अधिवक्ता बीमा योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में



मौजूद रहेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, इरफान अंसारी, संजय प्रसाद यादव और मंत्री अरफान अंसारी शामिल होंगे। उनके अलावा मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, राजेश कच्छप, अमित कुमार, सुरेश कुमार बैठा और विधायक विकास कुमार मुंडा को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 11.30 बजे से होगा।

## पाक हैकर्स ने भारत पर साइबर अटैक किया

**नयी दिल्ली।** आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तानी साइबर हैकर्स लगातार भारतीय संस्थानों और कंपनियों की वेबसाइट हैक करने की कोशिश कर रहे हैं। 1 मई को हैक्स1337 और नेशनल साइबर क्रू नाम के हैकर्स ग्रुप्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल नगरोटा और सुंजवान की वेबसाइट पर साइबर अटैक किया। गनीमत यह रही कि हैकर्स इसमें कामयाब नहीं हो सके। इंडियन साइबर एजेंसियों ने रियल टाइम में हैकिंग का पता लगाया और इसे फेल कर दिया। हैकर्स इन वेबसाइट को हैक करके पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी फेक पोस्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।

# धनबाद से पांचवां आतंकी गिरफ्तार

## पूर्व में यह आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड मॉड्यूल की जांच कर रही झारखंड एटीएस की टीम को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एटीएस की टीम ने एक ऐसे संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था। झारखंड एटीएस की टीम ने आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर से जुड़े एक और संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। सबसे हैरत की बात यह है कि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी पूर्व में आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि धनबाद से जुड़े केस में पांचवे संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार संदिग्ध का नाम अमार यसार है।

### 2014 में भी हुआ था गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमार यसार को साल 2014 में राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया गया था। उस समय उसे इंडियन मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकी के तौर पर गिरफ्तार किया गया था। साल 2024 में जेल से बाहर निकालने के बाद अमार यसार एक बार फिर से आतंकी गतिविधियों में शामिल हो गया था। इस बार वह हिज्ब उत तहरीर से जुड़कर देश विरोधी कार्यों में संलिप्त था।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को कोर्ट का नोटिस

## कहा, आरोपियों का पक्ष भी सुना जायेगा

- अगली सुनवाई 8 मई को होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को सोनिया और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्केंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का



अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी।


बताते चलें कि 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि आरोपियों का पक्ष सुने बिना हम नोटिस जारी नहीं कर सकते। स्पेशल जज विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की याचिका पर 25 अप्रैल को पहली सुनवाई की थी। उन्होंने कहा कि इडी की चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स भी गायब हैं। उन डॉक्यूमेंट्स को दाखिल करिए। उसके बाद नोटिस जारी करने पर फैसला करेंगे। इडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (अखछ) से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में 9 अप्रैल को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया था।

### पीएम ने विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का किया उद्घाटन, कहा

# कई लोगों की नींद हराम कर देगा आज का इवेंट, जहां मैसेज जाना था पहुंच चुका है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आज का ये इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान गौतम अडाणी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां सीएम विजयन भी बैठे हैं, ये तो इंडिया गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर बैठे हैं। आज का ये



इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा। जहां मैसेज जाना था चला गया है। उन्होंने गौतम अडाणी का जिक्र करते हुए कहा कि अडाणी ने जितना अच्छा पोर्ट यहां बनाया है उतना अच्छा पोर्ट तो गुजरात में भी नहीं बनाया था। विझिंजम पोर्ट को बड़े कार्गो जहाजों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# अंचल कर्मचारी सुरेंद्र प्रसाद दस हजार घूस लेते गिरफ्तार

**ऑनलाइन रसीद निर्गत करने की एवज में 50 हजार की मांगी थी रिश्वत**

गौतम पाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को कोडरमा अंचल हल्का पांच के कर्मचारी सुरेंद्र प्रसाद को 10000 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता बेकोबार निवासी बहादुर राणा ने एसीबी को लिखित देकर बताया था कि उसने सुरेंद्र प्रसाद पिता विजय प्रसाद से 5 एकड़ 22 डिसमिल जमीन को पंजी 2 में चढ़ाने और 91 डिसमिल जमीन को ऑनलाइन चढ़कर रसीद निर्गत करने के लिए संपर्क किया। इसके एवज में हल्का कर्मचारी सुरेंद्र प्रसाद ने रिश्वत के तौर पर 50000 की मांग की। इसके बाद सौदा 45000 में तय हुआ। एसीबी के अधिकारियों ने पहले इस शिकायत का सत्यापन किया, तो मामला सच प्रतीत हुआ। उसके बाद जाल बिछा कर रिश्वतखोर हल्का कर्मचारी को 10000 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी ने रिश्वत के नोटों पर पहले से केमिकल पाउडर लगा रखा था। हल्का कर्मचारी ने जैसे ही रिश्वत की रकम हाथ में पकड़ी, टीम ने उन्हें पकड़ लिया। हाथ धोने पर सुरेंद्र प्रसाद के हाथों पर रंग स्पष्ट दिखाई दिया। हजारीबाग एसीबी की टीम ने हल्का कर्मचारी सुरेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर हजारीबाग ले गयी, जहां उनसे पूछताछ की जायेगी। एसीबी ने इस कार्रवाई की जानकारी संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दे दी थी।

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2025 का गरिमापूर्ण ढंग से आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना के विभिन्न विभागों में कार्यरत बड़ी संख्या में संविदा श्रमिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह सुब्रत कुमार दास उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए परियोजना की उपलब्धियों में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि परियोजना की सफलता और लक्ष्यों की प्राप्ति में आप सभी श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और यहां सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा उपाय लागू हैं। उन्होंने सभी श्रमिकों से आग्रह किया कि वे कार्यस्थल पर पूरी सतर्कता और सुरक्षा के साथ कार्य करें। इस अवसर पर जीएम (इन्फ्रास्ट्रक्चर) एस.के. दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सभी श्रमिकों को उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में परियोजना के अधिकारीगण, संविदा कर्मी और अन्य कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का समापन सभी श्रमिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत और सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर उन्होंने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने घर बनाने के लिए प्रतिबंधित सूची से मुक्त करने, दाखिल खारिज कराने, भूमि सीमांकन कराने, स्ट्रीट लाइट खराब रहने संबंधित समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोपरांत समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## दो घरों में नगद समेत लाखों की चोरी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मरकच्चो मध्य पंचायत अंतर्गत पांडेयडीह में बुधवार की रात चोरो ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी देते हुए पीड़िता पार्वती देवी ने बताया कि गांव में ही एक शादी का कार्यक्रम था। घर के मुख्य द्वार में ताला लगाकर घर के सभी सदस्य उसी शादी के कार्यक्रम में सम्मिलित होने गये थे। देर रात जब वो वापस लौटी तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया जब वो अंदर गयी तो पाया कि उनके दो अलग अलग कमरे में रखे अलमारी और बक्शे का ताला टूटा हुआ है। सामान आसपास बिखरा पड़ा है उनके द्वारा शोर करने पर और लोग वहां इक्कट्ठा हुए। पीड़िता ने बताया की चोरो ने उनके घर 46 हजार रुपये नगद समेत लगभग पांच लाख के जेवरात की चोरी कर ली है। वहीं चोरो ने पांडेयडीह गांव के ही सदानंद पांडेय के घर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरो ने उनके कमरे में रखे बैग से दो लाख नगद की चोरी कर ली वहीं उनकी बहु कल्पना पांडेय के कमरे से अलमारी तोड़ लगभग पचास हजार के जेवरात की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों से घटना की जानकारी ली।

## लेबर कोड के खिलाफ 20 मई को देशव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक होगी : सीटू




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मजदूर वर्ग का अगुवा संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के बैनर तले 1 मई को वीर कुंवर सिंह पार्क में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी के द्वारा मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक लाल झंडा फहराया गया। जहां शिकागो के शहीदों को लाल सलाम, दुनिया के मजदूरों एक हो, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो, साम्राज्यवाद - आतंकवाद हो बर्बाद आदि नारा लगाते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि अमेरिका के शिकागो शहर में 3 मई 1886 को लगभग 40 हजार मजदूर 8 घंटे की काम के लिए सड़कों पर उतर आए और पुलिस ने भुखे-प्यासे मजदूरों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया जिसमें 8 मजदूरों की शहादत हो गयी। उसी समय खून से सने उन मजदूरों के कपड़ों को लाल परचम बना कर आसमान की तरफ लहरा दिया और तब से ही दुनिया भर में मई दिवस मनाया जाता है। अभी देश में मजदूरों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से चार लेबर कोड लाया गया है। जिसके माध्यम से काम के निर्धारित घंटे, ट्रेड यूनियन अधिकार, हड़ताल का अधिकार, यूनियनों की मान्यता, न्यूनतम वेतन, पीएफ, पेंशन, बोनस जैसे अधिकार छीनने की साजिश है। जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि मेहनतकश अपनी नौकरी, वेतन के लिए कड़ी मेहनत से प्राप्त अधिकारों पर शासक वर्ग के हमले के खिलाफ बहादुरी से लड़ रहा है। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने आठ घंटे काम करने, जीवन यापन और सामाजिक सुरक्षा पर उनके लम्बे संघर्षो से हासिल अधिकारों को खत्म करने की साजिश का मुकाबला करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में केन्द्र की जनविरोधी व मजदूर विरोधी नीतियों और लेबर कोड के खिलाफ सीटू सहित दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और केन्द्र व राज्य के कर्मचारी फेडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल कोडरमा जिला में ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बीएसएसआर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, निर्माण कामगार यूनियन के राजेंद्र पासवान, नागेश्वर दास, अशोक रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अस्पताल में चाइल्ड और मदर किट का वितरण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से सदर अस्पताल कोडरमा में नवजात शिशु और उनके अभिभावक के बीच चाइल्ड किट्स और मदर किट का वितरण किया गया। इन सभी उपयोगी सामग्री को उपयोग में लाकर बच्चे और माता स्वस्थ और स्वच्छ रहे। इस मौके पर सदर अस्पताल के डॉक्टर रंजीत कुमार डॉक्टर मणिकांत, सागर, रजनीश, प्रियंका, मदन प्रेमलता और सखी वन स्टॉप सेंटर की नोडल अर्चना ज्वाला उपस्थित थी।

# दो फरार अपराधी को चरही पुलिस ने पकड़ा

**गिरफ्तार अपराधी पूर्व में नक्सली संगठन का सदस्य भी रह चुका है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के चरही थाना की पुलिस ने दो फरार अपराधी को धर दबोचा है। दोनो अपराधियों पर चरही थाना में आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट, 302 समेत अन्य मामला दर्ज हैं। शुक्रवार को हजारीबाग एसपी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 19 सितंबर 2019 को अजय कुमार सिंह पिता योगेन्द्र सिंह, ग्राम-सिंदुर थाना- कोर्रा जिला हजारीबाग ने चरही थाना में मामला दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया था, जिसपर कांड सं-69/19 धारा 323/341/379/147/148/149/506/385/387/382 भादवि और 17 सीएलए एक्ट अंकित किया गया था। वादी द्वारा बताया गया था कि ग्राम जरबा अंतर्गत ग्राम दासोखाप में पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा जलमीनार और वाटर टिटमेंट प्लांट और पाईप लाईन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। 1 सितंबर 2019 रात्री 10 बजे 5-10 अज्ञात अपराधकर्मी कार्य स्थल पर मौजूद मुंशी और मजदुर के साथ मारपीट कर छिनतई किया था। इस कांड में एक दर्जन अपराधियों पर मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें कई की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी। गत गुरुवार को हजारीबाग एसपी को सूचना प्राप्त हुई थी की उक्त कांड के अभियुक्त ग्राम कजरी में हैं। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी चरही गौतम कुमार को छापामारी अभियान चलाने को कहा। छापामारी के दौरान प्रेम गंझू उर्फ प्रेम भोक्ता उर्फ बंगाली, पिता कीनू भोक्ता उर्फ कीनू गंझू, ग्राम कजरी, थाना-चरही जिला हजारीबाग और नूतन गंझू पिता तपेश्वर गंझू ग्राम कजरी थाना चरही जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी पहले नक्सली संगठन के सदस्य रह चुके हैं।

**दोनों अपराधियों का अपराधिक इतिहासः** प्रेम गंझू उर्फ प्रेम भोक्ता उर्फ बंगाली, पर चरही थाना के कांड सं-60/18, 61/18, 69/19 दर्ज हैं वहीं नूतन गंझू पर चरही थाना में कांड सं 27/24, 69/19 दर्ज है। छापामारी दल में चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार और चरही थाना की पुलिस शामिल थे।

## गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के वशिष्टनगर थाना क्षेत्र के जोरी बाजार में एक गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। घायल व्यक्ति की पहचान मो जमशेद, पिता मो मोइन के रूप में की गयी। बताया जाता है कि जमशेद के घर में कोई नहीं था। जब वह घर लौटा तो घर का दरवाजा खोलकर किचेन में चला गया। जहां वह चाय बनाने के लिए जैसे ही माचिस की तिल्ली जलायी। घर में आग फैली गयी। जिसकी चपेट में मो जमशेद बुरी तरह से झुलस गया। इसी दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों की मदद से उसे आनन फानन में इलाज के सदर अस्पताल चतरा लाया गया। जहां से प्रार्थमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डॉ अजहर ने बताया कि जमशेद की गंभीर स्थिति है। क्योंकि उसका शरीर 90 प्रतिशत जल गया है। उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के बर्न यूनिट भेज दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, सात घायल

**एक ही परिवार के सदस्य मैयत पर मिट्टी देने जा रहे थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा।** बरकट्ठा चलकुशा मुख्य मार्ग के बीच ग्राम रागडीह के समीप तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने एक टेंपू को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक की मौत हो गयी। जबकि सात लोग घायल हो गये। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रेक्टर को बंधक बना लिया। साथ ही सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जिसमें जैनुल मियां 75 वर्ष हुलू मियां, 65 वर्षीय पत्नी जकिरा खातून, कयूम अंसारी 60वर्ष पिता जैनुल मियां, सकीना खातून 50वर्ष पति कयूम अंसारी, सद्दाम अंसारी 17वर्ष पिता इसराइल अंसारी, नूरजहां खातून 40वर्ष पति इसराइल अंसारी, नूरजहां खातून पति इसराइल, सईदा खातून 23वर्ष मौला अंसारी सभी ग्राम रागडीह निवासी तथा टहल प्रसाद 27वर्ष पिता नारायण महतो ग्राम मासीपीढ़ी निवासी शामिल हैं। वहीं जैनुल मियां को चिकिस्तकों ने मृत घोषित कर दिया। कई घायलों को रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार के सभी सदस्य चलकुशा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रागड़ीह से चांदगढ़ मैयत पर मिट्टी देने जा रहे थे। इसी बीच हादसा हुई। स्थानीय लोगों ने कहा चलकुशा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ाकर नदी से बालू लेने के लिए तीव्र गति से जा रहा था। इस दौरान टेंपू को चपेट में ले लिया। साथ ही कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों बालू गाड़ी निकलकर गोरहर थाना होते हुवे इचाक और हजारीबाग पहुंचती है। जहां मोटे दामों में बिक्री की जाती है। वही सैकड़ों बिना नंबर की ट्रेक्टर चलती है। साथ ही कम उम्र के लोगों के द्वारा चालक ट्रेक्टर लेकर रेंगते भी हैं। इस पर प्रशासन मौन धारण किये हुए है।

## व्यक्ति को हाथी ने कुचल कर मार डाला

**दारू /हजारीबाग।** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत हरली मे गुरुवार की प्रातः करीब चार बजे झुंड से बिछड़े एक हांथी ने निर्दोष ब्यक्ति को कुचलकर मार डाला। मृतक सुरेश विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय महाबीर महतो (उम्र 60 वर्ष ) अलौंदीटाड हरली का निवासी था वह गांव से गये एक बारात दिगवार रामगढ़ गया था। बारात से गुरुवार की सुबह हरली चौक में उतरकर पैदल अपने घर अलौंदीटाड जा रहा था तभी अपने घर से करीब दो सौ मीटर दूर हांथी और वह आमने सामने आ गये। हांथी ने उसपर हमला कर उसे पटक दिया और उसके माथे के एक हिस्सा को पैर से कुचल दिया जिससे उसको मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना की सूचना मिलने पर दारू थाना प्रभारी सफीक खान दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने डीएफओ को फोन के माध्यम से घटना की सुचना दी। वन विभाग से फारेस्टर मुकेश कुमार, वनरक्षी कुंदन कुमार, मोहम्मद असलम मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने तत्काल 50 हजार नगद मुआबजा राशि दिया और शेष 3 लाख 50 हजार रुपैये कागजी कार्रवाई के बाद देने की बात कही। शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# तेज आंधी-पानी से किसानों को भारी नुकसान



आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** मौसम में अचानक हुए बदलाव ने लोगों के होश उड़ा दिये। गुरुवार दोपहर 2 बजे के बाद तेज आंधी-तूफान के बाद हुई बरसात ने टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। कहीं लोगों के घरों के बाहर लगे छप्पर उड़ गये तो वहीं कई पेड़ गिर गये। सर्वाधिक नुकसान खैरा, झरपो, भराजो, डहरभंगा, धरमपुर, डुमर, टाटीझरिया, बेडम पंचायत क्षेत्र के किसानों को उठाना पड़ा। कई किसानों की काट कर छोड़ी गयी गेहूं की फसल उड़ गयी तो वहीं कईयों के बांध कर रखे गेहूं के बोझे भीग गये। वहीं किसानों के खेत में लगे खीरा, मकई, बैंगन, मिर्च की फसल पानी में डूब गये और तेज हवा के कारण पौधे गिर गये और फसल की फलियां झड़ गयी। कुबरी पुल के पास सड़क पर गिरे पेड को टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने हटवाकर एनएच पर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया। झरपो-17 माईल मुख्य सड़क पर गोधिया बगीचा के पास सड़क पर पेड गिरने से आवागमन बाधित हो गया। गुरुवार दोपहर 2 बजे के बाद क्षेत्र में अचानक तेज हवाएं चलने लगी। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आंधी चलने लगी। करीब एक घंटे तक चली आंधी के बाद आसमान में बादल घिर आया और फिर बरसात शुरू हो गयी। तेज आंधी पानी ने टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के लोगों के जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है।

**आंधी पानी से लोगों का हुआ नुकसान, मुवाअजा की मांगः** टाटीझरिया प्रखंड समेत अन्य जगह हुए बारिश और आंधी ने लोगों को जीना मुश्किल कर दिया है। आंधी ने भराजो निवासी मनीषकांत कुमार पिता भुनेश्वर महतो के मुर्गा फार्म में 45-50 अलबेस्टर टुटा जिससे भारी नुक्सान हुआ। जिसे प्रखंड प्रशासन से मुवाअजा की मांग की है।

**पेयजल विभाग से लगे टंकी का उड़ा सोलर, बाल बाल बचे विकलांग दंपत्तिः** भारत सरकार द्वारा सपना था कि सभी घरों में नल से जल पहुंचे उसका सपना अधुरा ही रह गया। टाटीझरिया प्रखंड में एक दो पंचायत में थोड़ा बहुत नल में जल आता है। बाकी तो सभी पंचायत में दिखावा ही रह जाता है। गुरूवार को हुए बारिश और आंधी में तो एक विकलांग दंपत्ति बाल-बाल बच गया। अमनारी निवासी राधा गोविंद महतो के घर के पास लगे टंकी का सोलर उड़ा जो विकलांग अनिल यादव और प्रतिमा देवी के अलबेस्टर के उपर गिर गया। सोलर गिरने से घर का अलबेस्टर टुट गया जहां पर वहां मौजूद लोग बाल बाल बच गये। वहीं भराजो पंचायत में हुए जल मीनार के भ्रष्ट काम के शिकायत को मुखिया स्वास्तिका कुमारी और विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय ने डीसी, डीडीसी और पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से किया लेकिन सुनने वाला नहीं है। वहीं विभाग के सहायक अभियंता और कनीय अभियंता तो बिना देखे ही एमबी कर निकासी करवा दिया है।

## घर में पेड़ गिरने से छह लोग घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के महुगाई खुर्द पंचायत के ग्राम आजाद नगर में तेज आंधी-तूफान और बारिश के कारण मोहन भुइयां के घर में आम का पेड़ गिर गया। इस कारण छह लोग घायल हो गये और लगभग 5 लाख की सामग्रियों की छती हुई। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के पास लालजीत महतो के होटल का छप्पर उड़ गया यह घटना 1 मई को 3:00 बजे दोपहर की है। मूर्ति देवी ने बताया कि हम सभी घर में थे। अचानक बारिश होने लगी। तेज आंधी तूफान के कारण आम का पेड़ मेरे घर पर गिर गया। जिससे घर का चार ध्वस्त हो गया। इस दौरान 95 किलो चावल, 6 किलो दाल, 15 किलो आलू, 10 किलो प्याज, 20 किलो आटा, कुर्सी, चौकी, कपड़े आदि मलवे में दब गया। जिससे लगभग 5 लाख रूपये की छती हुई है।

## डूमर और धर्मपुर की बेटियों को दिया गया लहंगा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डूमर और धर्मपुर पंचायत में 06 गरीब बेटियों को हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा गुरुवार को विवाह के अवसर पर लहंगा भेंट किया। यह लहंगा डूमर पंचायत सिझू गांव की पिंकी कुमारी पिता किटी सिंह, प्रियंका कुमारी पिता तपेश्वर सिंह, शिला कुमारी पिता लक्ष्मण मंडल कोल्हू डूमर, प्रतिम कुमारी पिता स्व टिकन प्रजापति डूमर, राखी कुमारी माता यशोदा कुमारी, मंडपा धर्मपुर और अंजनी कुमारी पीट रामलखन ठाकुर मंडला धर्मपुर को भेट लहंगा दिया गया। सांसद की ओर से यह उपहार मांडू विधानसभा सांसद प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, पंसस धरमपुर सह मंडल उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, अरुण सिंह, रजनीकांत चौधरी, लालचंद प्रसाद, कृष्ण साव, मुकेश मंडल, मनोज मंडल, ममता देवी, सहदेव यादव, लोकनाथ यादव, सुखदेव पांडेय उपस्थित थे।

## संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिलः सुरजीत नागवाला




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** देश में जिस तरह से सविधान को तार-तार किया जा रहा है। केंद्रीय जांच एजेन्सी का दुरूपयोग किया जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाया जा रहा है। इसके विरोध में आगामी 6 मई को कांग्रेस पार्टी के द्वारा रांची के पुराना विधानसभा ध्रुवा मैदान में सविधान बचाओं रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव संगठ्न केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा अनिल जयहिन्द समेत झारखण्ड प्रभारी के राजु समेत कांग्रेस पार्टी के विभिन्न मोर्चा के बड़े नेता शिरकत करेगें। उक्त बाते कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने प्रेस वार्ता कर दी। कहा कि यह रैली अपने आप में ऐतिहासिक होगी, इसमें पुरे राज्य से पचास हजार से अधिक जातिय जनगणना को सर्मथन देने वाले, नेता कार्यकर्त्ता समेत आमजन उपस्थित रहेगें। यहां से संकल्प लेकर सविधान को बचाने को लेकर अपने अपने जिलों में 10 मई तक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बताने का काम करेंगें। वही 11 से 17 मई तक विधान सभा स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 20 से 30 मई तक घर घर जन संपर्क अभियान चला कर आम लोंगो को संविधान बचाने हेतू जागरूक किया जायेगा। 6 मई के संविधान बचाओं रैली मे पुरे राज्य भर से कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के हजारों लोग शिकरत करेंगें। प्रेस वार्ता में वरिय उपाध्यक्ष ओम प्रकार गोप, वरिष्ट कांग्रेस नेता अशोक देव, धीरज सिंह, जिला अध्यक्ष दिपक कुमार गुप्ता, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रकाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष सह-प्रवक्ता निसार खान, इंटक के जिला अध्यक्ष कजरू साव आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को झारखंड कार्यालय में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में संगठन सृजन तथा संविधान बचाओ अभियान के तहत विष्णुगढ़ और टाटीझरिया के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की शुरूआत कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के प्रति दो मिनट का मोन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी और संचालन मुखिया उत्तमचंद महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए। बैठक में भारत सरकार द्वारा जाति जनगणना की घोषणा कराये जाने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया। बैठक में पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी। यह कांग्रेस की जीत है। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से पूर्व मंत्री को अवगत कराया। आगामी चार मई को पुनः झारखंड कार्यालय में प्रखंड कांग्रेस की विस्तृत बैठक आहूत करने तथा 6 मई को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ महारैली में विष्णुगढ़ से शामिल होने और 14 मई बनासो बाजार टांड़ में मांडू विधानसभा स्तरीय सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से गुरु प्रसाद साव, जोधी प्रसाद यादव, सुरेंद्र यादव, हरि यादव, नारायण महतो, लोकनाथ महतो, सुरेंद्र मिश्र, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, सुनील बर्मन, पूनम कुमारी, हरि यादव, सोमर महतो, वासुदेव महतो, जाकिर हुसैन, संजय कुमार, मनोज रविदास, कमरुल अंसारी, युसूफ अंसारी, शेख आफताब, फिरोज अंसारी, बंटी मिश्रा, चेतलाल महतो, मिथिलेश कुमार महतो परमेश्वर महतो, महेंद्र कुमार, दिलेर आजाद, शेख कल्लू, शिव लहकार, मिथिलेश पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा शुक्रवार को मैती ढेंगा में मोटर-ट्राइसाइकिल और सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल परियोजना प्रभावित गांवों के लोगों के समावेशी विकास और कल्याण को समर्पित रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जागृति महिला संघ की अध्यक्षा अनीता दास और विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष मीना सक्सेना उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जुगरा और आराहरा गांव के दो दिव्यांग व्यक्तियों को मोटर-ट्राइसाइकिल प्रदान की गयी। जिससे उनकी स्वतंत्रता और गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, कंडाबेर पंचायत की 9 प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गयी जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। पंकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से अपने कार्यक्षेत्र में सतत और समर्पित सीएसआर पहलों के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ा रहा है। सिलाई मशीन प्राप्त करने के बाद लाभार्थी महिलाओं ने पकड़ी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की कौशल विकास पहलों से उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

चतरा (आजाद सिपाही)। टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लाद कर जा रहे ट्रक ड्राइवर को एक पिकअप ने रौंदा, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस दिलदहला देने वाली घटना में मृतक चालक का छोटा भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में घायल का इलाज किया जा रहा। जानकारी के अनुसार बिहार के डोभी गांव निवासी ट्रक ड्राइवर संजय यादव टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लोड कर जा रहा था। इसी दौरान सदर प्रखंड के भुइयांडीह के समीप ट्रक का टायर पंचर हो गया। सड़क किनारे गाड़ी को खड़ा कर चालक संजय उसका टायर बदलने लगा। उसी समय उसका छोटा भाई भी उसकी मदद के लिए आ रहा था। इसी दौरान हंटरगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित पिकअप वाहन ने उसे रौंदते हुए पलटी खा गया। इस घटना में ट्रक चालक संजय की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। जबकि घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## रामगढ़ पुलिस ने 21 लोगों के चेहरे में लायी खुशी

# गुम हुए मोबाइल को खोज निकाला

- टीम में शामिल इंस्पेक्टर और टेक्निकल टीम को किया जायेगा सम्मानित
- लोगों के चेहरों में खुशी देख मिलती है सुकून: एसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गुम हुए 21 लोगों के मोबाइल को रामगढ़ पुलिस ने खोज निकाला है। इस दौरान जिनके मोबाइल गुम हुए लोगों के चेहरों में खुशी देखने को मिली। उक्त बातों की जानकारी शुक्रवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना व ओपी में लोगों ने मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज की गयी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर रजत कुमार, प्रभारी तकनीकी शाखा को जिला अंतर्गत मोबाइल गुम होने से संबंधित प्राप्त आवेदन पर तकनीकी अनुसंधान पर मोबाइल बरामद करने के लिए निर्देश दिया।

**अनुसंधान में 21 लोगों का मोबाइल उपयोग में पाया गया :** तकनीकी शाखा के पदाधिकारी, पुलिसकर्मियों द्वारा सभी थानों से मोबाइल गुम होने के संबंध में जानकारी प्राप्त कर तकनीकी अनुसंधान किया गया। जिसके बाद तकनीकी अनुसंधान करने पर कुल 21 मोबाइल को उपयोग में पाया गया। उपयोग में पाये गये मोबाइल का टावर लोकेशन पर सभी मोबाइल को अलग-अलग क्षेत्र से बरामद किया गया।

**अलग-अलग टीम ने दूसरे जिलों से किया मोबाइल बरामद :** एसपी अजय कुमार द्वारा मोबाइल बरामद को लेकर अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। टीम ने रामगढ़ जिले में और जिले के बाहर रांची, हजारीबाग, बोकारो जाकर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी कर 21 लोगों का मोबाइल बरामद किया।

**लोगों के चेहरों में खुशी देख मिलती है सुकून: एसपी:** मौके पर एसपी अजय कुमार ने कहा कि 2023 के बाद से अब तक विभिन्न थाना क्षेत्र में कई लोगों ने मोबाइल गुम की शिकायत दर्ज किराया गया था। लोगों ने उम्मीद भी छोड़ दी थी कि मोबाइल अब मिलेगा। लेकिन उन लोगों का मोबाइल मिल जाने से और उनके चेहरे पर खुशी देख सुकून मिलती है की पुलिस ने एक बेहतर काम किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य लोगों के मोबाइल गुम होना की शिकायत मिली है। जिसको ट्रेस किया जा रहा है और जल्द ही बरामद कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि टीम में शामिल इंस्पेक्टर और टेक्निकल टीम को रिवॉर्ड देकर सम्मानित किया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा।

**इन लोगों को मिला गुम हुआ मोबाइल:** गोला निवासी सुनैना कुमारी, राम प्रसाद महथा, जफर अली, उषा देवी, गोपाल महतो, हजारीबाग निवासी मनीषा कुमारी, बेस्ट बोकारो ओपी निवासी ईश्वर प्रसाद, सौदागर मोहल्ला निवासी विकास कुमार ठाकुर, एनटीपीसी पतरातु निवासी सुमन कुमार, फुसरो निवासी अभिषेक कुमार, इरबा ओरमांझी निवासी सुशील कुमार मुंडा, घाटो निवासी तनीषा सिन्हा, रामगढ़ निवासी रंजीत नायक, रजरप्पा प्रोजेक्ट निवासी अमरनाथ वर्मा, राहुल कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल है। इंस्पेक्टर रजत कुमार, तकनीकी शाखा के दिलीप कुमार वर्णवाल, विनोद बास्की, लालू सोरेन, अक्षय कुमार यादव शामिल थे।

## आपात स्थिति उत्पन्न होने पर डायल-112 पर कॉल कर सकते है लोग: एसपी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने पुलिस उप-महानिरीक्षक झारखंड जगुआर(एसटीएफ) रांची-सह-सेन्ट्रल डेस्क डायल-112 रांची के निर्देश पर डायल-112 का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार की पहल शुरू कर दी है। एसपी ने शुक्रवार को बताया कि आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली के तहत आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों के लिए एक अखिल भारतीय एकल संख्या (112) आधारित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है। झारखंड राज्य में कहीं भी पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, महिला हेल्प लाईन व अन्य आपात स्थिति उत्पन्न होने पर आम जनता डायल-112 पर कॉल कर आपात स्थिति से संबंधित जानकारी साझा कर सकते है। ताकि, आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराया जा सके, और डायल-112 की सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। लोग इसका उपयोग निम्न प्रकार से कर सकते हैं। कोई व्यक्ति अपने फोन से 112 डायल कर सूचना दे सकते है। पैनिक कॉल को सक्रिय करने के लिए अपने स्मार्ट फोन पर पावर बटन को 3 बार जल्दी से दबाएं, फीचर फोन के मामले में, पैनिक कॉल सक्रिय करने के लिए 5 या 9 बटन को देर तक दबाएं, राज्य इआरएसएस वेबसाइट पर लॉग ऑन करें और अपना एसओएस अनुरोध दर्ज करें, राज्य ईआरसी को एसओएस अलर्ट ईमेल करें, इआरसी को पैनिक कॉल सक्रिय करने के लिए 112 इंडिया मोबाईल ऐप (गूगल प्लेस्टोर और एप्पल स्टोर में उपलब्ध) का उपयोग करें, यह एक आपातकालीन सुविधा है। एसपी ने उपयोगकर्ताओं को इस सेवा का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी है।

## सड़क हादसे में पुलिस कर्मी घायल

कुजू (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के मुरपा फोरलेन चौराहा के पास आगे चल रहे ट्रेलर से बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें बाइक सवार एक पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल पुलिस कर्मी को स्थानीय ग्रामीणों व कुजू पुलिस के सहयोग से इलाज हेतु पास के मनोरमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांचीरोड़ स्थित द हॉप अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, कोडरमा पुलिस लाइन तैनात पुलिस कर्मी सह लापुंग रांची निवासी राजेंद्र भगत( 47 वर्ष) पिता झगरु भगत अपनी बाइक पर सवार रांची से कोडरमा होकर जा रहे थे। इसी बीच मुरपा फोरलेन चौराहा के पास मुरपा फोरलेन चौराहा के पास एक ट्रेलर टर्निंग ले रहा था। इसी बीच बाइक सवार पुलिस कर्मी ने पीछे से ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सांसद ने पीवीयूएनएल अधिकारियों के साथ की बैठक




पतरातू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पीवीयूएनएल सीइओ आर के सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति और प्रगति के साथ-साथ स्थानीय लोगों को आने वाली दिक्कतों पर चर्चा की गयी। और सीएसआर द्वारा किये जा रहें गतिविधि, रोजगार और भविष्य के क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी ली गयी। साथ ही कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिया कि अपने कार्यों में पारदर्शिता लायें, सीएसआर मद का सदुपयोग कर जनहित के कार्य करने, स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़े, किरीगडा रेल लाइन का काम बंद कर पुराने रेलवे लाइन को डबल कर कार्य करवाने सहित अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पीवीयूएनएल सिर्फ तेरह गांव में ही कार्य किया जा रहा है जो गलत है बल्कि 25 गांव को ध्यान में रखकर कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर परियोजना महा प्रबंधक अनुपम मुखर्जी राजेश डुंगडुंग भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल बड़कागांव विधानसभा प्रतिनिधि पूनम साहू, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी सहित विभिन्न विभाग के प्रमुख आदि मौजूद थे।

## तीन दिनों से लापता युवक का शव दामोदर नदी से बरामद



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। तीन दिनों से लापता युवक का शव दामोदर नदी से रामगढ़ पुलिस ने बरामद की है। शव मिलने की सूचना शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंचे रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार ने परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से नदी से शव को किसी तरह बाहर निकलवाया। युवक की शिनाख्त हेंसला ठाकुर मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय रोहन ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर के रूप में की गयी। छानबीन के क्रम में पुलिस ने पाया कि उक्त युवक बीते 30 अप्रैल से लापता है। जिसके गुमशुदी की सूचना पुलिस को उसके पिता सुरेश ठाकुर ने गुरुवार को दी थी। शव को देखकर लोगों ने आशंका जतायी कि युवक ने दामोदर नदी में पुल से कूदकर जान दी है। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, रोहन के शव नदी में पाये जाने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## जिंदल स्टील पावर पतरातू में श्रम दिवस पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू इकाई में गुरुवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी गयी और उनके अथक परिश्रम व समर्पण को सम्मानपूर्वक सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्लांट प्रमुख केबी सिंह ने कहा कि श्रमिक किसी भी राष्ट्र और उद्योग की प्रगति की रीढ़ होते हैं। उनका योगदान अमूल्य है और वे ही विकास की मुख्यधारा हैं। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी श्रमिकों के कल्याण और कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर जेएसपी पतरातू के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में व्यावसायिक कोर्स का हुआ शुभारंभ



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू (उच्चरिंगा) में नाबार्ड सह ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज द्वारा असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर फेब्रिकेशन के 60 बच्चों का प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आरएस भगवाने जीएम नाबार्ड रांची, केबी सिंह प्लांट प्रमुख जिंदल पतरातु, शुभोदीप चक्रवर्ती नाबार्ड रांची को प्राचार्य संबित कुमार साहू द्वारा पुष्प गुच्छ देकर कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि आरएस भगवाने ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको एक बेहतर मंच मिल रहा है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर आप अपना भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। मन लगाकर प्रशिक्षण को पूरा करें नियोक्ता आपको आपकी गुणवत्ता से अवश्य नियुक्त करेंगे और आप अपना भविष्य बना सकते हैं। वहीं केबी सिंह ने कहा कि हमारे जिंदल ग्रुप के संस्थापक ओमप्रकाश जिंदल का जो सपना था वह साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने सपना देखा था हर जरूरतमंद को प्रशिक्षित बनाना और रोजगार दिलाना था। उनकी इस सपना को हमारे अध्यक्ष नवीन जिंदल जी ने पतरातू में व्यावसायिक केंद्र खोलकर क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ रहे हैं। यहां पर आप असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर फैब्रिकेशन में प्रशिक्षण लेकर आप अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू ने कोर्स की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संस्थान 60 बच्चों को प्रशिक्षण देगा जो की पूर्णता निशुल्क है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को रहने और खाने की व्यवस्था संस्थान के हॉस्टल में किया जायेगा। पिछले वर्ष के 55 प्रशिक्षणार्थी सफलतापूर्वक प्रशिक्षण को पूर्ण किये और आज वह देश के विभिन्न कंपनियों में कार्यरत हैं। हमें आशा है की आप लोग भी सफलता पूर्वक प्रशिक्षण को पूरा करेंगे।

# विस्थापित ग्रामीणों ने चौबीस घंटे तक परियोजना का कार्य कराया ठप



आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के न्यू बिरसा परियोजना में कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा गुरुवार को दोपहर लगभग पौने तीन बजे हैवी ब्लास्टिंग किये जाने के कारण खदान से सटे भुरकुंडवा निवासी टेकलाल मांझी पिता लेटका मांझी को गंभीर चोट लगी है। सूत्रों के अनुसार आंधी-तूफान के दौरान टेकलाल मांझी भुरकुंडवा स्थित अपने घर में विस्तर पर लेटा हुआ था। खदान की दूरी लगभग 20 मीटर होने से हैवी ब्लास्टिंग के कारण पत्थर का बड़ा हिस्सा घर के उपर गिर कर एलवेस्टर सीट को तोड़ते हुए श्री मांझी के छाती में जा गिरा जिससे उसको गंभीर चोट लगी। गंभीर हालत को देखते हुए सीसीएल प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में उसे ईलाज के लिए सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा ले जाया गया। इलाज के बाद घर पहुंचाया गया। घर पहुंचने के बाद उसकी तबीयत फिर खराब होने लगी। उसे फिर सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा ले जाया गया जहां से उसे बेहतर ईलाज के लिए रांची किसी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां पर ईलाज के दौरान पता चला कि टेकलाल मांझी का छाती के पसली का हड्डी टुटा हुआ है। और अभी तक वह इलाजरत है। इधर घटना के बाद आक्रोशित विस्थापित ग्रामीणों ने न्यू बिरसा परियोजना का संपूर्ण कार्य ठप कराया। विस्थापित ग्रामीणों का मांग है कि जब तक भुरकुंडवा रस्का टोला के सभी ग्रामीणों को स्थल चयन कर एक ही जगह नही बसाया जाता है तब तक हैवी ब्लास्टिंग का कार्य सीसीएल प्रबंधन रोक दें। इधर खबर लिखे जाने तक न्यू बिरसा परियोजना में कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी का संपूर्ण कार्य लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी बंद है। अभी तक इस मामले में वार्ता नहीं हो पायी है।

## शादी में गये कर्मी के क्वार्टर में चोरी

कुजू (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के सीसीएल तोपा बी टाइप कॉलोनी स्थित एक क्वार्टर का ताला तोड़कर बीती रात चोरों ने नगदी, आभूषण समेत कई सामानों की चोरी कर ली। मामले को लेकर भुक्तभोगी तोपा विद्युत विभाग कर्मी लालदेव महतो ने लिखित सूचना कुजू पुलिस को दी है। बताया जाता है कि, लालदेव महतो सपरिवार गुरुवार संध्या अपने गांव कठरेहवा, बलसगरा विवाह समारोह में शामिल होने गये थे। जिसकी भनक पाकर चोर रात में क्वार्टर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, साथ ही, नगद 30 हजार रुपये, चांदी का लाकेट, बिछिया, पायल, एलइडी टीवी, इनवर्टर आदि की चोरी कर चलता बना। इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ गया है। साथ ही, अब उनके बीच पुलिस का खौफ समाप्त हो गया और पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है। वहीं, पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## देश के बिजली आपूर्ति निर्माण में श्रमिकों का अमूल्य योगदान: जीएम



टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के निर्माण में श्रमिकों के अमूल्य योगदान की सराहना की।अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि मजदूर वर्ग किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होते हैं, और उनकी मेहनत व समर्पण से ही ऊर्जा उत्पादन और आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने श्रमिकों की भूमिका को सम्मान देते हुए उनके कल्याण के लिए कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों व श्रमिकों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। आयोजन में अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस दिन को श्रम, सम्मान और एकता के प्रतीक के रूप में मनाया।

## आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च



गोला (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में गोला में भी कैंडल मार्च निकाला गया। आजसू पार्टी के बैनर तले शुक्रवार की संध्या पर लोग डाकबंगला में एकत्र हुए। मोमबत्तियां लेकर भ्रमण कर पहलगाम हमले में मारे गये पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया गया। लोगों ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या आतंकवादियों द्वारा कर दी गयी। जिसके विरोध में कैंडल मार्च निकालकर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की और मृतक के आश्रितों को सरकार से 50-50 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की। साथ ही पाकिस्तान और आतंकियों की कड़ी निंदा की। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने सरकार से आतंकियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। देश भर में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। रैली में आजसू के दर्जन भर कार्यकर्ता मौजूद थे।

## परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक

# नीट परीक्षा में तीन केंद्रों पर 905 अभ्यर्थी लेंगे हिस्सा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी 4 मई को रामगढ़ जिले में होने वाली नीट परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक कर कई निर्देश दिये। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा रीना कुजूर ने डीसी, एसपी और केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य को जानकारी दी गयी की नीट परीक्षा के तहत 4 मई को रामगढ़ जिले के तीन परीक्षा केंद्रों आर्मी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ और केंद्रीय विद्यालय बरकाकाना में अपराह्न 2 से 5 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। परीक्षा में रामगढ़ जिला अंतर्गत तीन केंद्रों पर 905 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे।

**कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा का आयोजन कराने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी और एसपी के द्वारा नीट परीक्षा के तहत जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान डीसी ने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए परीक्षा के दौरान उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**डीसी ने संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश:** परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की गयी तैयारी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल रामगढ़ को परीक्षा के दिन नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी में परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों की अच्छी तरह से फ्रिस्किंग करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल येलो डे सेलिब्रेशन का आयोजन

# आयोजन का उद्देश्य बच्चे खेल-खेल में करें शिक्षा ग्रहण: हरजाप



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को येलो डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से एलकेजी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पीले रंग के कपड़े पहने स्कूल के बच्चें बेहद उत्साहित नजर आ रहे थे। बच्चों ने अलग-अलग तरह के पीली वस्तुओं के माध्यम से अपना परिचय दिया। सर्व प्रथम शिक्षकों ने बच्चों को पीले रंग के महत्व के बारे में जानकारी दी। उसके बाद छात्रों ने स्कभेंजर हंट खेला जिसमें उन्हें पीले रंग की वस्तुओं को छांटकर अलग रखना था । इस खेल के माध्यम से बच्चे पीले रंग के प्रति आकर्षित हुए और उन्होंने रंग को अच्छे तरीके से पहचाना । तत्पश्चात बच्चों ने पीले रंग का भोजन किया। जिसमें केला आम पोहा ढोकला आदि था।

**फल और फुलों के महत्वों की बच्चो से किया साझा:** प्रकृति संरक्षण को लेकर शिक्षिकाओं ने बच्चों को कहानी सुनाया और उन्हें फल और फुलों के महत्व के बारे में बताया और उसके बाद छात्रों ने कलाकृति का आनंद उठाया। नर्सरी के छात्रों ने आम के बने चित्र में रंग भरा और एलकेजी के छात्रों ने पीले रंग के मकई के दानों से कलाकृति बनायी। स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करते हैं। ताकि बच्चे खेल खेल मे शिक्षा ग्रहण करें। वे लर्निंग बाय डूइंग' को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर शिक्षा के लिए आकर्षक शिक्षण वातावरण बना रहें है जो आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान कौशल और ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देता है। छात्रों को विविध शैक्षणिक और वास्तविक दुनिया के संदर्भों में सफलता के लिए तैयार करता है।

**कौन कौन थे उपस्थित**

मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदिप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार पुश्वींदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतींदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी ने इस प्रयास को प्रोत्साहित किया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-32-25, दिनांक 30.04.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्यों का विवरण:** (1) बोकारो स्टील सिटी सेटेलमेंट में पम्प हाउस से घिस चुकी टैंक के स्थान पर एक लाख गैलन क्षमता वाली ओवरहेड आरसीसी टैंक का प्रावधान, (2) महुदा में पुरानी जंग लगी हुई पीएस टैंक का प्रतिस्थापन, (3) फिल्टर हाउस मलकेरा में इस्पात की जीर्ण शीर्ण टैंक का प्रतिस्थापन एवं (4) भोजूडीह में ओवरहेड टैंक की स्टेजिंग का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 6,78,79,037.48; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-106)**

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2025-11, दिनांक : 26.04.2025

**कार्य का नाम :** संबलपुर मण्डल में RDSO अनुमोदित फायर अलार्म सिस्टम द्वारा गैर-RDSO निर्मित फायर अलार्म का प्रतिस्थापन।

**निविदा मूल्य:** ₹ 1,56,73,690.20, बिड सिक्युरिटी: ₹ 2,28,400/-

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 19.05.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता (संकेत), सम्बलपुर

PR-83/Q/25-26

# एनडीए ने बनायी बढ़त

केंद्र सरकार का अगली जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। यह कदम देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदल सकता है। यह भी तय है कि जाति जनगणना के बाद जातियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की भी मांग करेंगी। वहीं, एनडीए सरकार के इस कदम के साथ विपक्ष के हाथ से एक बड़ा मुद्दा भी निकल गया है, जिसे उसने पिछले चुनाव में भुनाने की कोशिश की थी।

**जनगणना का इतिहास :** भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में सन 1872 में हुई थी। 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना करायी गयी, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाये जायेंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 के सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना (एसइसीसी) में जाति के आंकड़ों को सरकार ने इसलिए सार्वजनिक नहीं किया, क्योंकि इसमें कई विसंगतियां बतायी गयी थीं।

**राजनीति का सवाल :** विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग इसलिए उठायी थी, ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण को तर्कसंगत बनाया जाये और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जाये। भाजपा पहले तो इसे लेकर दुविधा में थी, लेकिन जाति जनगणना का एलान कर अब उसने इस मुद्दे पर बढ़त बना ली है, लेकिन यह भी देखना होगा कि इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से वह कैसे निपटती है। फिर इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है।

**यह कदम देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदल सकता है। यह भी तय है कि जाति जनगणना के बाद जातियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की भी मांग करेंगी।**

**कर्नाटक के सबक :** हाल में कर्नाटक में जाति जनगणना की रिपोर्ट लीक हो गयी। इसने वहां कांग्रेस सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। रिपोर्ट में ओबीसी के लिए आरक्षण को 32% से बढ़ा कर 51% और मुस्लिम समुदाय के लिए 4% से 8% करने की सिफारिश की गयी थी। वहीं, राज्य में प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की आबादी उनकी उम्मीद से कम निकली। सर्वे के तरीके पर भी सवाल उठाये गये।

**विवादों से बच कर :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जातिगत जनगणना की घोषणा करते हुए कहा कि इससे समाज आर्थिक-सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा। लेकिन, अगर इसे सही ढंग से नहीं संभाला गया, तो यह विवाद भी खड़े कर सकता है। कर्नाटक हो या बिहार, पुराने सर्वे यही बताते हैं कि कभी भी, हर कोई पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ। यह भी तय है कि इससे आरक्षण का मुद्दा जोर पकड़ सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार जनवरी-मार्च 2025 के दौरान भारत में सोने की मांग 15% घटकर 118.1 टन रह गयी, जबकि इसी अवधि में इसकी कुल वैल्यू 22% बढ़ कर 94,030 करोड़ पहुंच गयी। यह विरोधाभास दिखाता है कि गोल्ड प्राइस का सीधा असर उपभोक्ता की परचेजिंग पावर पर पड़ रहा है। जनवरी से अप्रैल के बीच कीमतों में करीब 25% की उछाल देखी गयी, जिससे 10 ग्राम सोना 1 लाख के आंकड़े के करीब पहुंच गया।**

# सोने-चांदी में गिरावट खरीदारी का मौका या इंतजार



**सुधा श्रीमाली**



ट्रंप की ओर से लगाये गये 26 पर्सेंट टैरिफ के बाद 94000 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच चुके सोने की कीमतों में 3% और चांदी की कीमतों में 10% तक की तेज गिरावट आयी। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि ट्रेड वॉर से मंदी की आंशका के बीच सोने की कीमतें एक लाख रुपये तक पहुंच जायेंगी या डिमांड में कमी से इसमें गिरावट आयेगी? यह खरीदारी का मौका है या अभी इंतजार करना सही होगा? टैरिफ का जेम जूलरी इंडस्ट्री पर क्या असर होगा? इन सवालों के जवाब हमने एनबीटी ऑफिस आए एक्सपर्ट्स से फेसबुक लाइव सेशन में लिए।

**डेढ़ महीने तक सोने-चांदी में रहेगी गिरावट :** इंडिया बुलियन एंड जूलर्स एसोसिएशन (आइबीजेए) के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने बताया कि टैरिफ लगने की खबरों का असर सोने-चांदी की कीमतों में पहले ही दिख चुका है। अब टैरिफ पर फोकस होगा। ये पूरी ग्लोबल इकोनॉमी में स्लोडाउन लायेगा। अमेरिका में महंगाई और ट्रेड वॉर बढ़ने से हम भी मंदी की तरफ बढ़ेंगे। घरेलू जेम्स व जूलरी पर 27 पर्सेंट टैरिफ ऐसा थप्पड़ है, जो मुंबई समेत देश भर के लाखों लोगों के रोजगार छीन सकता है।

**केडिया एडवाइजरी के एमडी व डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा कि सोने में तेजी के सभी कारक मौजूद हैं।**

**अब ग्लोबल ऑर्डर भी कैंसल होंगे :** कीमतों में तेजी के कारण पहले ही रिटेल बिक्री 25-30 पर्सेंट कम है, अब ग्लोबल ऑर्डर भी कैंसल होंगे। हो सकता है कि सरकार हस्तक्षेप करे। डेढ़-दो महीने में टैरिफ का व्यापक असर आने तक सोने प्रति दस ग्राम 84,800 से 85,700 के बीच जा सकता है। चांदी 87000 रुपये प्रति किलो तक लुढ़क सकती है। दीवाली तक सोना वापस 97-98000 रुपये पहुंचने के अनुमान हैं। चांदी 1,12000-1,15000 रुपये तक पहुंच सकती है। ऐसे में यह बायर्स एवं निवेशकों के लिए खरीदारी का अच्छा मौका है।

**सोने में तेजी के सभी कारण मौजूद :** केडिया एडवाइजरी के एमडी व डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा कि सोने में तेजी के सभी कारक मौजूद हैं। मसलन, जियो-पॉलिटिकल टैंशन, टैरिफ के कारण ट्रेड वॉर, आर्थिक अनिश्चितता के कारण सुरक्षित कहे जाने वाले असेट सोने की बढ़ी डिमांड, गोल्ड-सिल्वर रेशो में बढ़ोतरी, सेंट्रल बैंकों की रेकॉर्ड खरीदारी व ईटीएफ की बाइंग। ये तमाम फैक्टर्स हैं, जो सोने की कीमतों में तेजी की ओर इशारा करते हैं।

**और बढ़ सकती है कीमत :** टैरिफ से सोने में इस साल 20% की तेजी आ चुकी थी, इसलिए इवेंट घट जाने के बाद इसमें गिरावट आई। जब तक डॉलर इंडेक्स और ग्लोबल ट्रेड वॉर सैटल नहीं होता, तब तक सोने-चांदी में वोलैटिलिटी बनी रहेगी। अभी निवेशक असमंजस में हैं। ऐसे में 2 महीनों में सोना टूटकर 83000 रुपये और चांदी 84-85000 रुपये पर आ सकते हैं। साल के अंत तक या अगले साल की पहली तिमाही तक सोना 96,000-99000 रुपये और चांदी 1,30,000 रुपये पर पहुंच सकते हैं।

**भारत में इसकी मांग 15% घटी :** 2025 की पहली तिमाही में सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखी गयी, जिससे भारत में इसकी मांग 15% घटी। कीमतों के बढ़ने से गहनों की बिक्री घटी, लेकिन निवेश में 7% की बढ़ोतरी हुई। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार सालभर की मांग 700-800 टन के बीच रह सकती है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच गोल्ड एक सुरक्षित निवेश बना हुआ है। लोगों की रुचि सिक्के और ब्रास में तेजी से बढ़ रही है।

गोड्ल प्राइस की बात करें तो हाल ही में सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिसने इसकी डिमांड को अप्रत्याशित रूप से प्रभावित किया है। वैश्विक तनावों और आर्थिक अनिश्चितता के चलते सोना एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इसकी कीमत 1 लाख प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंचने के बाद आम खरीदार इससे थोड़ा दूर हो गया है। इस उछाल का असर सिर्फ रोजमर्रा की खरीदारी पर नहीं, बल्कि परंपरागत पर्वों जैसे अक्षय तृतीया पर भी देखा गया, जहां उम्मीद के अनुसार बिक्री नहीं हो सकी।

डब्ल्यूजीसी के अनुसार, जनवरी-मार्च 2025 के दौरान भारत में सोने की मांग 15% घटकर 118.1 टन रह गयी, जबकि इसी अवधि में इसकी कुल वैल्यू 22% बढ़ कर 94,030 करोड़ पहुंच गयी। यह विरोधाभास दिखाता है कि गोल्ड प्राइस का सीधा असर उपभोक्ता की परचेजिंग पावर पर पड़ रहा है। जनवरी से अप्रैल के बीच कीमतों में करीब 25% की उछाल देखी गयी, जिससे 10 ग्राम सोना 1 लाख के आंकड़े के करीब पहुंच गया।

**700-800 टन के बीच रह सकती है साल 2025 की कुल डिमांड :** डब्ल्यूजीसी के अनुमान के अनुसार, साल 2025 में भारत में सोने की कुल मांग 700 से 800 टन के बीच रह सकती है। भले ही कीमतें उच्च स्तर पर बनी हुई हैं, फिर भी शादियों और धार्मिक अवसरों पर सोने की खरीदारी का चलन कमजोर नहीं पड़ा है। डब्ल्यूजीसी इंडिया के सीइओ सचिन जैन का मानना है कि कीमतें अधिक होने के बावजूद सोने की सांस्कृतिक और पारंपरिक अहमियत इसे लोगों की पहली पसंद बनाये रखती है। खासतौर पर अक्षय तृतीया जैसे अवसर पर लोग इसे शुभ मानते हैं और खरीदारी से नहीं चूकते।

**विश्वसनीय निवेश के रूप में गोल्ड की पहचान बरकरार :** जानकारों का कहना है कि भले ही ऊंची कीमतों ने कुछ ग्राहकों को सतर्क कर दिया हो, लेकिन गोल्ड इन्वेस्टमेंट के तौर पर इसकी विश्वसनीयता में कोई कमी नहीं आयी है। यही कारण है कि गहनों की मांग में गिरावट आयी है, लेकिन निवेश के लिए सोने की खरीदारी में बढ़ोतरी देखने को मिली है। जनवरी-मार्च तिमाही में ज्वेलरी की मांग 25% घटकर 71.4 टन रह गई, जो 2020 के बाद सबसे कम है, पर उसकी कीमतें 3% अधिक रहीं।

**गोल्ड इन्वेस्टमेंट में 7% की बढ़ोतरी, सिक्के और सिल्लियों की मांग में तेजी :** जहां एक ओर गहनों की बिक्री में गिरावट आयी, वहीं निवेश के लिहाज से गोल्ड क्वाइन और ब्रास की डिमांड 7% बढ़ कर 46.7 टन हो गयी है। यह पिछले साल के 43.6 टन की तुलना में स्पष्ट वृद्धि है। इस वृद्धि के पीछे एक बड़ा कारण है कि फाइनेंशियल मार्केट में जारी अनिश्चितता ने सोने को सुरक्षित विकल्प बना दिया है। इसी अवधि में भारत का सोने का आयात 8% बढ़ कर 167.4 टन पहुंच गया, जबकि रीसाइक्लिंग में 32% की गिरावट दर्ज की गयी, क्योंकि लोग अपने पुराने गहने या सोने को अभी बेचने से कतरा रहे हैं।

**ग्लोबल लेवल पर भी सोने की मांग में इजाफा :** भारत में भले ही गोल्ड डिमांड में गिरावट देखने को मिली हो, लेकिन वैश्विक स्तर पर सोने की मांग जनवरी-मार्च 2025 में 1% बढ़कर 1,206 टन हो गई है। यह 2019 के बाद की किसी पहली तिमाही में सबसे अधिक मांग है, जो इस बात का संकेत है कि सोने की उपयोगिता और इसकी अहमियत अब भी वैश्विक निवेशकों के बीच बनी हुई है।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### सरकारी और टाटा लीज की भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : डीसी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा लीज नवीकरण एवं लीज भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा हेतु डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले के अब तक लीज नवीकरण को लेकर की गयी कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये गये। डीसी अनन्य मित्तल ने लीज भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए टाटा स्टील के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया वे एक समन्वित अभियान चलाकर अवैध कब्जों को शीघ्र हटायें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा न तो सरकारी भूमि और न ही टाटा लीज की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त किया जायेगा। प्रशासन इस दिशा में हर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। जेपीएलइ केस से जुड़े अतिक्रमण मामलों के त्वरित निपटारे के लिए अंचल अधिकारी जमशेदपुर को सप्ताह में दो दिन न्यायालय में सुनवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी तय किया गया लीज क्षेत्र की खाली पड़ी जमीनों की घेराबंदी कर उनका उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाय, ताकि भू-माफियाओं की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, अपरउपायुक्त भगीरथ प्रसाद, जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार, एलआरडीसी गौतम कुमार, सीओ जमशेदपुर मनोज कुमार, टाटा स्टील के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर झामुमो नेता ने मजदूरों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के बमार्माइंस स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर झामुमो युवा नेता महाबीर मुर्मू ने मजदूरों के बीच छाता, गमछा, साड़ी और मिठाई का वितरण कर सभी को सम्मानित किया। मौके पर महाबीर मुर्मू ने कहा मजदूर दिवस श्रमिक आंदोलन की ऐतिहासिक उपलब्धियों के प्रतीक है। मजदूरों के अधिकारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर समाजसेवी बमभोला सिंह, राहुल सिंह, दुर्गा हांसदा, मनोज तांती,रॉकी सिंह, करण कालिंदी, विकी मार्डी, टीकाराम हांसदा सहित सैकड़ो मजदूर शामिल रहे।

### सीएम ने डीसी रवि शंकर शुक्ला और कर्ण सत्यार्थी को पीएम अवॉर्ड के लिए दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला/ रांची।** सरायकेला खरसावां के डीसी रवि शंकर शुक्ला और गुमला के डीसी कर्ण सत्यार्थी ने आवास में सीएम सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम ने दोनों अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित किए जाने पर शुभकामनाएं और बधाई दी। सीएम ने कहा यह सम्मान न केवल दो जिलों के लिए, बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें कर्मठ अधिकारियों की भूमिका अहम है। सीएम ने आशा व्यक्त की भविष्य में भी झारखंड के अधिकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में नये कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे। ज्ञात हो कि 21 अप्रैल को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह में सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावशाली और नवोन्मेषी क्रियान्वयन हेतु देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के लिए डीसी रवि शंकर शुक्ला और गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी को प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।





### जातिगत जनगणना कराने का फैसला कांग्रेस की बड़ी जीत: राकेश साहू

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत बताया। राकेश साहू ने कहा राहुल गांधी ने संसद में स्पष्ट कहा था सरकार को जातिगत जनगणना करवानी पड़ेगी और आज वह बात सच साबित हुई। उन्होंने कहा यह कदम नीतिगत निर्णयों और कल्याणकारी योजनाओं को सटीक रूप देने में मदद करेगा। कांग्रेस का संघर्ष आरक्षण सीमा 50% से बढ़ाने को लेकर भी जारी रहेगा।



### सेंदरा पर्व को लेकर वन्य पदाधिकारियों और इको विकास समितियों की संयुक्त बैठक



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के माकुलाकोचा स्थित संग्रहालय परिसर में आगामी 5 मई को होने वाले विशु शिकार (सेंदरा पर्व) को लेकर वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को बैठक में दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी क्षेत्र की सभी ईको विकास समितियों के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। बैठक को संबोधित करते हुए दलमा पूर्वी रेंज की आरएफओ श्रीमती अर्पणा चंद्रा और पश्चिमी रेंज के आरएफओ दिनेश चंद्रा ने पारंपरिक पर्व विशु शिकार के दौरान वन्य जीवों की रक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा आदिवासी समुदाय अपने रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक आस्था का पालन सादगी और शांति के साथ करें। लेकिन किसी भी वन्य जीव को क्षति न पहुंचायें। आवश्यक है हम पर्यावरण संतुलन को बनाए रखें, क्योंकि पृथ्वी के अस्तित्व में जितना योगदान मानव का है, उतना ही वन्य जीवों का भी है। वन विभाग की ओर से विशु शिकार को देखते हुए जंगलों में निरंतर गश्ती बढ़ा दी गयी है। आरएफओ अर्पणा चंद्रा ने स्पष्ट किया यदि किसी व्यक्ति को आधुनिक हथियारों के साथ शिकार करते हुए पकड़ा गया, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। वन विभाग ने सभी ईको विकास समितियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा पर्व के दौरान जागरूकता और संयम ही प्रकृति संरक्षण की दिशा में सशक्त कदम होगा।

### आजसू पार्टी ने उठाये सवाल 'हर 100 मीटर पर चेकिंग किस कानून के आधार पर'

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने अभियान के पांचवें दिन करनडीह चौक पर यातायात पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ सवाल खड़ा कर दिया। जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह और जिला सचिव सचिन प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित अभियान में पार्टी ने आरोप लगाया दो किलोमीटर के अंदर 6 चेकिंग प्वाइंट बनाकर ट्रैफिक पुलिस जबरन वसूली कर रही है। होमगार्ड सिपाहियो से जांच करवाना कानून के खिलाफ है। जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति और अन्य जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन को जनता की आवाज बताते हुए सीएम से यातायात पुलिस के व्यवहार में सुधार की मांग की। मौके पर समाजसेवी पूर्व जिला परिषद सदस्य राणा डे, सुसनिगड़िया पंचायत के पंचायत समिति श्वेता जैन, बॉबी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### संजीव सरदार ने जाहेरथान घेराबंदी का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत जाहेरथान घेराबंदी कार्य के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के टांगरसाई गांव में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रीवाज से स्थानीय विधायक का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार के द्वारा विधिवत जाहेरथान घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री सरदार ने कहा अबुआ सरकार झारखंडवासियों के साथ आदिवासी समुदाय के समग्र विकास हेतु संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा पोटका में आदिवासी सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण और संवर्धन की जारही है। आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत लगभग 21 लाख की लागत से जाहेरथान घेराबंदी कार्य शुरू किया गया। विधायक संजीव सरदार ने कहा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ में धुमकुड़िया निर्माण, जाहेरथान घेराबंदी, आदिवासी छात्रावास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय योजना शामिल है। उन्होंने कहा झारखंड में हेमंत सरकार समाज को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। विधायक ने ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। ताकि अपने समाज को आत्मनिर्भर और विकसित बना सके। मौके पर केंद्रीय सदस्य हीरामणि मुर्मू,पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्रावती महतो, झामुमो नेता सुनील महतो,प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन,मुखिया पानो सरदार,पंसस छबि दास,कांग्रेस नेता आनंद दास,ग्राम प्रधान जयहरी सरदार सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।



### कांग्रेस ने वेलफेयर बिल्डिंग एंड इस्टेट कंपनी की करोड़ों की ठगी का मामला उठाया, सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले के डीसी अनन्य मित्तल से मुलाकात की। शुक्रवार को मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने वेल्फेयर बिल्डिंग एंड इस्टेट प्रा. लि. कंपनी द्वारा 300 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कंपनी ने निवेश के नाम पर बड़ी रकम ली और अब कार्यालय बंद कर फरार है। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने डीसी को एक मांग पत्र सौपा। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। डीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में रामदास मेहता सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक अनंत प्रताप देव ने पथ मरम्मत कार्य का भूमि पूजन किया

# पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के लिए दी हिदायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर से केतार होते हुए पाचाडुमर मुख्य पथ मरम्मती कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को मुकसैनी चपरी मोड के समीप क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने पूजा अर्चना के उपरांत नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उक्त सड़क का निर्माण पथ निर्माण के तहत करीब 14 करोड़ की लागत से करायी जायेगी। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इस सड़क का औन लाइन शिलान्यास मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया उक्त सड़क का भूमि पूजन के बगैर ही संवेदक ने चुपके



चुपके निर्माण शुरू करा दिया, जिसे रोकते ही आज सभी की जानकारी में मेरे द्वारा भूमि पूजन किया। उन्होंने उपस्थित विभाग के पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के लिए सख्त हिदायत दी। कहा कि विधायक बना तो मैने 2013 में पॉवर प्लांट का शिलान्यास कराया, इसके लिए बाकायदा 514 एकड़ जमीन राज्य सरकार को हस्तांतरित भी करवाने का काम किया, लेकिन भानु दुबारा विधायक बनते ही 2017 में पॉवर प्लांट निर्माण स्थल को माइनिंग क्षेत्र घोषित करवाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि मेरे पिता जी द्वारा लगवाया गया एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट का आज केंद्र सरकार ऑक्शन के माध्यम से कटवा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक भवनाथपुर में पॉवर प्लांट लगवा नहीं देता तब तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा। सभा को प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, सीडीएम साह, गोपाल उरांव, अजीमुद्दीन अंसारी, कामेश्वर सिंह, दीपक वर्मा, विशंभर राम, राजद के राजेश्वर गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जेएमएम के सबिंद्रा दुबे ने की। इस मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, मुकेश चंद्रवंशी, बिनोद सिंह, सुरेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## स्वाधिना सिंह ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94.2% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के भड़रिया गांव निवासी पत्रकार अनूप सिंह की पुत्री स्वाधिना सिंह ने (आइसीएसइ बोर्ड ) 10वीं की



**परीक्षा में 94.2% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उसने रांची के डोरंडा में पुराने हाईकोर्ट के सामने विशप वेस्टकौट गर्ल्स स्कूल में 360 छात्राओं में टॉप 10 में स्थान प्राप्त की है। स्वाधिना सिंह ने पढ़ाई का सारा श्रेय अपने पिता अनूप सिंह और माता राजकुमारी देवी को देती है और कहती है कि उनके संघर्ष एवं त्याग के कारण यह सफलता प्राप्त हुई है। आगे की पढ़ाई के बारे में स्वाधिना बताती हैं कि उनका कॉमर्स की उच्चतर पढ़ाई कर चार्टेड एकाउंटेंट बनने का लक्ष्य है।**

### मिलाप मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# 72 मरीजों को मिली निःशुल्क चिकित्सा सेवा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के तत्वावधान में स्थानीय मिलाप मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 72 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की गयी। स्वास्थ्य शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ देखी गयी। मरीजों ने पंजीकरण कराने के बाद डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श लिया और उन्हें आवश्यकतानुसार दवाएं भी दी गयी। शिविर में आये कई मरीजों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें समय पर इलाज मिल जाता है और आर्थिक बोझ भी नहीं बढ़ता। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। हर माह की पहली तारीख को यह शिविर नियमित रूप से आयोजित किया




जा रहा है और भविष्य में इसे और व्यापक रूप देने की योजना है। क्लब अध्यक्ष ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए यह सेवा एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

जिसे वे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। डॉक्टरों की अनुभवी टीम और क्लब सदस्यों की सेवा भावना ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। यह शिविर न केवल बीमारों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रबल करता है।

# जातीय जनगणना कराने का फैसला सराहनीय: रविंद्र नाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** युवा आजसू के प्रदेश संयोजक सह केंद्रीय सचिव ओबीसी एकता और अधिकार मंच रविंद्र नाथ ठाकुर ने जातीय जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा कि जातीय जनगणना कराई जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी केंद्र सरकार ने इस मांग पर मोहर लगाकर भारत के वंचित समुदाय का सम्मान रखा है। जातीय जनगणना होने से एक सही आंकड़ों का पता चलेगा वंचित समुदाय को उनका उचित आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक लाभ मिल सकेगा लंबे समय से जातीय जनगणना करायी जाने की मांग आजसू पार्टी के द्वारा किया जा रहा था, ओबीसी एकता और अधिकार मंच ने भी लगातार इसकी मांग करते आयी जातीय जनगणना सन



1952 में हुआ 2011 में आर्थिक एवं सामाजिक जनगणना हुआ, लेकिन उसका आंकड़ा पेश नहीं हो पाय आज भी बहुत से जाति समुदाय के लोग गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं। आजसू पार्टी प्रारंभ काल से ही सामाजिक न्याय का पक्षधर रही है और समय-समय पर पिछड़ों वंचितों के हक और अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज को बुलंद किया हैं। यह फैसला देश के हर एक नागरिक के लिए लाभकारी साबित होगा।

# मजदूर दिवस पर मनरेगा मजदूरों को मुखिया ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड परिसर स्थित ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के पंचायत सचिवालय सभागार में गुरुवार को मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में मजदूर दिवस मनाया गया। बताया गया कि श्रमिकों का पंजीयन कर जॉब कार्ड बनाया जाता है। साथ ही मनरेगा के तहत जॉब कार्डधारकों को काम भी मुहैया कराया जाता है। इससे गांव के लोगों को काम के लिए जिले से बाहर पलायन नहीं करना पड़े। इस अवसर पर 100 दिन हाजरी पूरा करने वाले 30 जॉब कार्डधारी मजदूरों को अंग वस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। जिन्हे सम्मानित किया गया उनमें रानी कुवंर, शशिकांत गुप्ता, राही हुसैन, गोवर्धन महतो,



महफूज अंसारी, अखिलेश कुमार, रामप्यारी चौधरी, जाबिर अंसारी, सरफराज अंसारी, सियाराम कुमार, ज्ञान प्रकाश कुमार, जितेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने मजदूरों के कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें विकास का वाहक बताया। कहा मजदूर समाज के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अपनी मेहनत और श्रम से बड़े से बड़े कार्यों को अंजाम देने है जिससे देश का विकास होता है। कार्यक्रम में पंचायती राज एसोसिएट प्रियंका, पंचायत सचिव राधा कुमारी, रामनाथ चौधरी, रोजगार सेवक निभा तिवारी, उप मुखिया अली शेर अंसारी, पंचायत सहायक मसूद आलम सहित कई लोग थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार का आयोजन कर सुनी समस्याएं

# संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों का निपटारा करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमलोगों को देने की दिशा में जिला प्रशासन की टीम तत्परता के साथ कार्य कर रही है। योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंद और योग्य व्यक्तियों को मिले, उन्हें कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो, इस दिशा में प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे है। शुक्रवार को आयोजित इस जनता



दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी। यथाशीघ्र उनके समस्याओं को प्राथमिकता के तहत निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सर्वप्रथम रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत से आये विनोद राम ने अपने आवेदन के जरिए बताया की उन्होंने दो वर्ष पूर्व अबुआ आवास के लिए आवेदन किया था लेकिन उन्हें अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उनके पंचायत के बाकी लोग इस योजना का लाभ लेकर अपने आवास कार्य को पूरा करा रहे है। अतः उन्होंने उपायुक्त से इसकी जाँच कराते हुए उन्हें भी अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु अनुरोध किया।

### छुट्टी के दिन भी मजदूरों से लिया जा रहा था काम

# मजदूर दिवस पर हादसे में एक युवक की मौत

**आजाद सिपाही संवाददददाता**

**भवनाथपुर।** एक मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर जहां देशभर में श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों की बात हो रही थी, वहीं भवनाथपुर में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे सिस्टम की पोल खोल कर रख दी है। एक मई को सेल के अधीन क्रेशर प्लांट की कटिंग के दौरान एक मजदूर की दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतक मजदूर धीरज कुमार 22 वर्ष पिता रामप्रवेश साहनी बिहार के समस्तीपुर जिला के ताजपुर थाना अंतर्गत दरबा गांव के निवासी है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब प्लांट में कटिंग कार्य जारी था, जबकि एक मई को सरकारी अवकाश घोषित होता है। जानकारी के अनुसार क्रेशर प्लांट में हो रही कटिंग के दौरान सभी मजदूरों का गेट पास बनाकर सीआइएसएफ की मौजूदगी में काम कराया जा रहा था। मजदूर धीरज कुमार सेफ्टी बेल्ट लगाकर कार्य कर रहा था, तभी लोहे का इंगल टूटने से उसका सेफ्टी बेल्ट खुल गया, जिससे 40 फिट उपर से गिरकर उक्त मजदूर की मौत हो गयी। साथ में काम कर रहे मृतक मजदूर के भाई ने भवनाथपुर थाना में संवेदक के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज करायी है। वहीं घटना के बाद संवेदक ने मृतक के परिजनों साढ़े चार लाख रुपये मुआवजा और चालीस हजार रुपये दाह संस्कार के लिए देकर मामले को शांत करने की कोशिश की। यह राशि संवेदक द्वारा मजदूरों के आक्रोश को देखते हुए तात्कालिक रूप से दी गयी थी, लेकिन इससे मजदूरों में रोष कम नहीं हुआ। यह हादसा न केवल श्रमिकों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि संवेदक और संबंधित विभाग किस तरह नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करता है। क्या दोषियों को सजा मिलेगी या यह मामला भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दब जायेगा। घटना स्थल पर पहुंचकर एसडीएम ने लिया जायजा, बंद कराया काम उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को श्रीबंशीधर नगर एसडीएम प्रभाकर मिर्धा व भवनाथपुर सीओ शंभू राम सेल के क्रेशर प्लांट के समीप घटनास्थल पर पहुंचे और सेल पदाधिकारियों और मजदूरों से घटना की जानकारी लिया इसके बाद विधि व्यवस्था को देखते हुए फिलहाल क्रेशर प्लांट के कटिंग कार्य पर रोक लगा दी है।

# आचार्य मिलन सह केंद्र दर्शन कार्यक्रम का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के किसान उच्च विद्यालय में एक मई 2025 को वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के बैनर तले प्रखंड में संचालित प्रतिभा विकास केंद्र के आचार्य मिलन सह केंद्र दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संगठन प्रभारी और केंद्रीय संयोजक वीरेंद्र कुमार, धनंजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार थे। कार्यक्रम में बच्चों ने संस्कार, नृत्य, संगीत और रामायण पर आधारित कला प्रस्तुत की। इस अवसर पर शिक्षक श्रीमान दिनानाथ प्रसाद, आरएसएस के कार्यकर्ता संजय गुप्ता, प्रखंड डंडई के संयोजक रामकिशन ठाकुर, प्रेम कुमार गुप्ता, बमहाशंकर यादव, राजमुनी विश्वकर्मा, अंजली कुमारी, सुचिता देवी, प्रमोद पासवान, संजय पासवान और ललिता कुमारी शामिल थे।

# जायंट्स ग्रुप ने मजदूर दिवस पर दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा वितरित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्य पथ पर ग्रुप के उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा की अध्यक्षता में दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा का वितरण किया गया। जायंट्स सदस्यों ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी, निंबू पानी और ग्लूकोज पीते रहे हैं। पानी साथ में रखें ताकि जब भी प्यास लगे पानी पीते रहे हैं। जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रह सके और लू से बचाव हो सके। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, गढ़वा ग्रुप के आंतरिक्ष



उपाध्याक्ष अवधेश कुशवाह, वाह्य उपाध्याक्ष चन्द्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, ध्रुव केशरी, दीपक तिवारी, रविन्द्र जयसवाल, मनोज केशरी, चंदन चंद्रवंशी, रितेश केशरीआदि सदस्य उपस्थित थे।

# नल-जल योजना की बिछायी गयी पाइप से बह रहा है पानी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव में शुक्रवार को नल जल योजना के तहत बिछाये गये पाइप से पूरे दिन पानी बहता रहा। इस योजना के तहत अधौरा गांव में घरों में पीने का पानी सप्लाई के लिए आधे-अधूरे पाइप बिछाया गया है जो सरजुन अंसारी के घर तक बिछाकर छोड़ दिया गया है। शुक्रवार को अधूरे बिछाये गये पाइप में पानी खोल दिया गया। जिस कारण पूरे दिन गांव की गलियों में पानी बहता रहा।जिसे देखने वाला कोई नहीं है। उक्त पानी बहते हुए कई खेतों में लबालब भर गये। गांव की गलियों में पानी भरा रहने से लोगों को आना जाना मुश्किल हो गया है। अभी तक हजारों गैलन पानी बेकार में बह गया होगा।

# पचौर गांव में हैंडपंप का बोर भरने से पिछले तीन वर्षो से बंद है पानी की सुविधा, ग्रामीण परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डंडई।** डंडई प्रखंड के पचौर गांव के रविदास टोला में सामुदायिक भवन के समीप पीएचइडी विभाग के द्वारा लगा हैंडपंप का बोर भरा गया है। जिससे पिछले कई वर्षो से हैंडपंप और जल मीनार बंद पड़ा हुआ है। टोला के लोगो को बूंद बूंद पीने का पानी को लेकर दूसरे टोला में भटकना पड़ रहा है। टोले के ग्रामीण कुंती देवी, अमरावती देवी, विमला देवी, रूबी देवी, गीता देवी, चंद्रावती देवी, बिंदु देवी, रीता देवी, सावित्री देवी, पुष्पा देवी, आशा देवी,कविता देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, पतीया देवी, मीना देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि हैंडपंप का बोर भरा जाने से पिछले करीब तीन वर्ष से हैंडपंप और जल मीनार बंद पड़ा



हुआ है। जिससे हमलोगों को पीने का पानी को लेकर दूसरे टोला में भटकना पड़ रहा है। वही इस तपती गर्मी में बेजुबान मवेशियों को पानी पिलाना कठिन हो गया है। विभाग को इसकी जानकारी दिया गया था। इसके के बाद पीएचईडी विभाग के अधिकारी पहुंचे और दूसरा बोर कराने की आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज करीब एक वर्ष गुजर गया लेकिन आज तक दूसरा बोर नहीं किया जा सका। ऐसी स्थिति में पीने का पानी को लेकर टोला में हाहाकार मचा हुआ है। वही बताया कि पीएचइडी विभाग के द्वारा 20 वर्ष पूर्व करीब ढाइ सौ घरों की आबादी पर यह हैंडपंप लगाया गया था। आज बोर धसने से हमलोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम लोग तो कहीं से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा लेते हैं, लेकिन इस गर्मी में मवेशियों को पानी पिलाना मुश्किल हो गया है। अगर उक्त टोला में दूसरा बोर करा दिया जाता तो पानी की समस्या से हमलोगों निजात मिल सकता था। टोले के ग्रामीणों ने विभाग के संबंधित अधिकारियों से मांग किया है कि तत्काल जल मीनार के अगल-बगल बोरिंग करा दिया जाता तो टोल के लोगों को इस तपती गर्मी में पीने का पानी को लेकर भटकना नहीं पड़ता और हमलोगों को काफी सहूलियत होता।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के कंपटीशन मैनेजर नियुक्त हुए शैलेंद्र पाठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** पटना में पांच मई से आयोजित ४होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 (खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित) में साइकिलिंग स्पर्धा के लिए गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक को साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा कंपटीशन मैनेजर मनोनीत किया गया है। विदित हो कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025-26 में रोड एवं ट्रैक इवेंट का आयोजन होना है। बताते चलें कि गढ़वा (झारखंड) के निवासी शैलेंद्र पाठक पहले ऐसे खेल प्रशासक हैं जिन्होंने यह शानदार कामयाबी पायी है। वर्ष 2002 से गढ़वा में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय है। जिसके परिणाम स्वरुप



यह मुकाम उन्हें हासिल हुआ है। वहीं श्री पाठक ने कंपटीशन मैनेजर के रूप में नामित करने हेतु साइकिलिंग फेडरेशन के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह एवं डॉक्टर मधु कांत पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री पाठक के इस उपलब्धि पर लोकसभा सदस्य विजय हसदा, उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, उपविकास आयुक्त गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय सहित अपने शुभचिंतकों के प्रति आभार प्रकट किया है।

## राहुल गांधी की जीत है जातिगत जनगणना की मंजूरी : धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना कराने का फैसला वास्तव में राहुल गांधी और कांग्रेस की बहुत महत्वपूर्ण जीत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इस निर्णय से यह भी प्रमाणित हो गया है कि कांग्रेस केवल और केवल उन्हीं मुद्दों के साथ चलती है जो जनता के हित में है और अधिकांश लोगों की जिस मुद्दे के प्रति पूरी तरीके से सहमति है और जब इस मुद्दे के प्रति लोगों के प्रबल समर्थन का पता सरकार को चला तो उसने जातिगत जनगणना को अपनी मंजूरी दे दी। श्री साहू ने कहा कि जिस प्रकार जातिगत जनगणना को मंजूरी मिली उसी प्रकार से कांग्रेस का वह संघर्ष भी जारी रहेगा जिसमें आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की बात है और हम इसे भी लेकर के रहेंगे। श्री साहू ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है और इंडिया गठबंधन ही एकमात्र ऐसा जुझारू और जनहित के प्रति समर्पित गठबंधन है जिसके मुद्दे की तलाश आम लोगों के बीच में होती है ना कि वह किसी के मन की उपज होती है या किसी व्यक्ति विशेष के दिमाग की। श्री साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि आज सभी लोगों में जिस प्रकार का सकारात्मक संदेश गया है उसका फायदा देश को मिलेगा और जातिगत जनगणना होने के बाद न केवल जमीनी स्तर पर सही एवं सटीक नीतिगत निर्णय लिये जायेंगे बल्कि उसी के अनुसार सरकार की कल्याणकारी योजना तय होगी। उन्होंने कहा कि जनहित के प्रति कांग्रेस के संकल्प के तहत ही 6 मई को राजधानी के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली के प्रति भारी संख्या में आम लोगों का सकारात्मक रुझान और समर्थन मिल रहा है।

## युवक ने चचेरे भाई की गोली मारकर की हत्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के जोभीया गांव के अपने ही चचेरे भाई ने अपने ही चचेरे भाई को किसी बात को लेकर बारात में ही बात बढ़ गयी। बात यहां तक बढ़ गयी कि चचेरा भाई अमृत उरांव सोस गांव में गोली मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि गांव के ही शिव मंगल उरांव का बरात सोस गया था। उसी में दोनों चचेरे भाई की उपेंद्र उरांव और अमृत उरांव का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जहां शुक्रवार की अहले सुबह ही उपेंद्र उरांव को सोस गांव में शौच जाने के क्रम में ही अमृत उरांव ने उसे कनपटी में सटाकर गोली मार दी। इधर घटना की सूचना चंदवा थाना को मिली चंदवा थाना को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर चंदवा थाना के इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने शव को बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजे दिया। साथ ही अमृत के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। घटना के बाद पूरे परिवार में सन्नाटा पसरा है और परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

## महुआडांड़ में मुंशी की गोली मारकर हत्या

**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव में बुधवार की रात नक्सलियों ने बड़ा हमला किया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे 2 वाहनों को आग के हवाले कर दिया और काम देख रहे मुंशी मोहम्मद अयूब की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे के करीब नक्सली ओरसापाट गांव में पहुंचे। वहां खड़ी एक जोसीबी को पहले आग लगा दी गयी, जिससे वह पूरी तरह जल गयी। एक अन्य वाहन में भी आग लगाने की कोशिश की गयी, लेकिन वह आंशिक रूप से ही जल सका। इसके बाद नक्सलियों ने मुशी मोहम्मद अयूब को पकड़ लिया, पहले उसकी पिटाई की और फिर गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद नक्सली कुछ देर तक मौके पर मौजूद रहे और नारेबाजी करते हुए वहां से निकल गये। घटना की सूचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**शहर में खुलेआम पिस्तौल लहराकर दहशत पैदा कर रहा था आरोपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के पावरगंज चौक में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक खुलेआम पिस्तौल लहराता हुआ नजर आया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से युवक को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। गिरफ्तार युवक की पहचान शेम वर्मा (27 वर्ष), निवासी दुगार्बाड़ी लेन, पावरगंज चौक, लोहरदगा के रूप में की गयी है। पुलिस ने शेम वर्मा के पास से एक देशी पिस्तौल और .315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 71/2025 के तहत आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान सहायक अवर निरीक्षक तारकेश्वर कुमार ने बिना हथियार के रहते हुए साहस का परिचय देते हुए पिस्तौल लहराते आरोपी को मौके पर ही काबू में किया, जिससे किसी संभावित घटना को समय रहते टाल दिया गया। थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि आरोपी शेम वर्मा लोहरदगा मैन बगीचा निवासी नवीन कुमार दसौंधी को लगातार फोन कर धमकी दे रहा था कि वह उनकी नाबालिग बेटी को अगवा कर ले जायेगा। पीड़ित परिवार इस धमकी से दहशत में था और उन्होंने थाने में इसकी शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी पर नजर रखनी शुरू की और गुरुवार दोपहर उसे अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि लोहरदगा में अपराध और अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बनाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। पूछताछ के बाद आरोपी शेम वर्मा को गुरुवार की दोपहर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही पुलिस उसके पुराने आपराधिक रिकार्ड की भी जांच कर रही है।

## भंडरा में हाथी ने मचाया उत्पात घरों और फसलों को कर रहे बर्बाद

**तरबूज खाकर आराम फरमाता है**

**ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को भगाने की मांग की है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** चार दिनों से हाथी के आतंक से भंडरा प्रखंड क्षेत्र के लोग भयभीत हैं। हाथी बगुला पतरा में अड्डा जमाये हुए है। शाम में हाथी पतरा से निकलता है और आसपास के गांव में उत्पात मचाता है। दिन में वह पतरा में रहता है। कुम्हारिया गांव के लोगों के अनुसार हाथी कभी-कभी दिन में भी निकल जाता है। एक मई को हाथी 12बजे दिन में ही पतरा से निकलकर कुम्हारिया गांव के पास घूमने लगा। लोग भय से भाग खड़े हुए। हाथी के द्वारा कई घरों को एवं किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। बगुला पतरा के बगल में कुम्हारिया गांव के किसान तरबूज की खेती बड़े पैमाने पर किये हैं। हाथी तरबूज को बड़े चाव से खाता है और पतरा के अंदर घुसकर आराम फरमाता है। कुम्हरिया गांव के लुंदरू साहू के खेत में लगे मिर्च के फसल को भी हाथी द्वारा काफी क्षती पहुंचायी गयी है।

30 अप्रेल की रात एक बजे को हाथी हाटी कुम्बाटोली गांव पहुंच गया। गांव में अपरा तफरी मच गयी। लोग घरों से निकलकर भागने लगे। लोगों को बचाने के क्रम में हाटी कुंबटोली गांव के पारा शिक्षक सोहराय उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। शिक्षक का हाथ टूट गया। हाटी गांव में हाथी झरिया उरांव का खिड़की एवं दरवाजा तोड़ दिया। सोमरा उरांव का एस्बेस्टस सीट का घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी से परेशान लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। इन्हें डर लगा रहता है कि किसी भी समय हाथी से भेंट हो जायेगी तो नुकसान हो सकता है। हाथी के अन्यत्र भगाने की मांग आसपास के गांव के लोग वन विभाग से कर रहे हैं परंतु वन विभाग अभी तक हाथी को दूसरे स्थान पर भेजना या पहचाने में असफल है।

## जनता दरबार में दो दर्जन आवेदनों का निष्पादन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर मे जनता दरबार का आयोजन हुआ। इसमें बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की एक-एक कर समस्याएं सुनी। लोगों ने पेंशन जन्म प्रमाण पत्र और राशन से जुड़े दो दर्जन से अधिक आवेदन सौंपे। जिसे मौके पर ही स्वीकृति प्रदान किया गया। इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेश्मा रेखा मिंज ने कहा कि कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर जनता दरबार लगाया जा रहा है। इसका असर जमीन पर दिख रहा है। लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है। मेरे और से हरसम्भव प्रयास किया जायेगा की आम लोगो को ज्यादा से ज्यादा मिले।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


## छठघाट का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूरा करें : राधा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड अंतर्गत सेन्हा पंचायत में बंकी नदी में छठ घाट का सुंदरीकरण का कार्य लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराया जा रहा है। वहीं कार्य का शुभारंभ जिप सदस्य राधा तिर्की और पहान सहावीर उरांव द्वारा संयुक्त रूप से आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर और फावड़ा चला कर कार्य को शुरू किया गया। वही लगभग 17 लाख की लगात से लघु सिंचाई विभाग द्वारा सेन्हा के बांकी नदी में छठ घाट का सुंदरी करण कार्य कराया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बंकी नदी में छठघाट सुंदरी करण में सीढ़ी और पीसीसी पथ निर्माण होगा। सीढ़ी बनने से छठ व्रतियों को छठ पूजा के दौरान पूजा करने में आसानी होगा और पीसीसी पथ बनने से छठ घाट तक व्रतियों को आने जाने में परेशानी नही होगी। वही संवेदक से अपील करते हुए गुणवत्ता पूर्वक समय के साथ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को मजदूरी का काम देने के लिये कहा गया।

## वाहन के धक्के से बिजली पोल टूटा



**कूडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू मेन रोड स्थित खुशी बुक डिपो के समिप बीती रात अज्ञात वाहन ने एक बिजली पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। टक्कर से एक पोल के साथ केबल भी सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि रात होने से आसपास कोई नहीं था, इसलिए बड़ा हादसा होने से बच गया। लेकिन पोल टूटने से मेन रोड और बाजार टांड़ के इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी है। जिस कारण उमस में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा आपूर्ति बहाल करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति ठप है। उल्लेखनिय है कि उक्त स्थान पर सड़क की हालत वर्षों से खस्ताहाल है। कुडू से घाघरा तक बनी सड़क का काम कराने वाले संवेदक द्वारा उक्त स्थान पर पुरानी सड़क को उखाड़कर जेएसबी भर दिया गया था। जो अब बड़े – बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है सड़क में बने इन्ही गड्ढों से बचने के चक्कर मे राहगीरों और बाइक चालकों समेत अन्य वाहन चालकों को पोल में टक्कर लगने की आशंका बनी रहती है। जब स्कूल बस, ट्रक इस इलाके से गुजरते है तो ज्यादा परेशानी होती है। बाजार और त्योहारों के दिनों में तो जाम भी लग जाता है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की जिसके बाद कुछ नेता आये और आश्वासन देकर चले भी गये लेकिन सड़क जस की तस बनी हुई है।

## राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय रोग नियंत्रण के तहत 19 मई से 18 जुलाई तक होने वाले कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता मे प्रमुख सुशीला कुमारी पश्चिमी जीप सदस्य संतोषी शेखर पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार बिस सूत्री अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि मुखिया कालो देवी और बरवाडीह पसंस की मौजूदगी में प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित किया गया। इस संबंध में पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार ने बताया यह कार्यक्रम संचारी रोगों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए होगा। संचारी रोग, जो रोगवाहक जनित बीमारियों से होते हैं, जैसे एफएमडी एलएसडी फुट एंड माउथ डिजिट जापानी एन्सेफलाइटिस, डेंगू, काला-अजार आदि, इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयेंगे। 19 मई से 18 जुलाई तक राष्ट्रीय रोग नियंत्रण के तहत एक कार्यक्रम होगा जो संचारी रोगों के नियंत्रण और रोकथाम पर केंद्रित होगा। इस कार्यक्रम में रोगवाहक जनित बीमारियों को भी शामिल किया जायेगा। इसमें कुल 12 टीकाकर्मी को लगाया गया है। ब्लॉक मोनेटरिंग यूनिट के अध्यक्ष प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज होंगी और सदस्य डॉ प्रमोद कुमार होंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार भी जायेगा।

## बरवाडीह में बैंक-आधार लिंकिंग शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार से लिंक कराने को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के निर्देश पर संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका की उपस्थिति में पंचायत के योजना से वंचित लाभुक का लिंक आधार सीडिंग का काम कंप्यूटर ऑपरेटर विजय कुमार पप्पू, और सहायक नवल किशोर द्वारा किया गया। शिविर में प्रखंड मुख्यालय बरवाडीह पंचायत के 57 लाभुकों का बैंक आधार लिंक नहीं होने समेत अन्य पंचायत के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है हालांकि सभी वंचित के लाभुक शिविर में नहीं पहुंच पाये। पुनः बचे हुए लाभुकों को सुधार का काम किया जायेगा। बीडीओ ने पंचायत के आंगनबाड़ी सेविका से प्रचार-प्रसार कर वंचित लाभुकों को सुधार हेतु शिविर में लाने के लिए प्रेरित करना का निर्देश दिया।

## सेन्हा में दिव्यांग को ट्राइसाइकिल मिला



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में बाल विकास महिला पर्यवेक्षिका द्वारा कल्याण विभाग की ओर से एक वृद्ध दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल दिया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक ने वृद्ध दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल देने के उपरांत कहा की कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विकास विभाग की ओर से सभी तरह के दिव्यांगों को आवश्यकता अनुसार यंत्र दे कर सहयोग किया जाता है। लाभुक अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के माध्यम से सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन देकर दिव्यांगों के लिये उपयोगी सामग्री और यंत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

## मजदूर हित में सरकार चालू करे सिकनी कोलियरी: सत्येंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** चंदवा सिकनी कोल परियोजना परिसर में गुरुवार को झारखंड खनिज मजदूर संघ के बैनर तले मजदूर दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने की। सबसे पहले मजदूरों के हक अधिकार की लड़ाई में शहीद हुए मजदूर नेताओं की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। श्री यादव ने कहा कि मजदूरों को रोजगार एवं उनके हक अधिकार के लिए संघ की पहल पर संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। दुख की बात है कि पिछले 6 महीने से यह कोलियरी बंद पड़ी है। निगम के द्वारा टेंडर नहीं निकलने के कारण आज यह स्थिति हुई है। हजारों मजदूर और उनके परिजन कोलियरी बंद होने के कारण खस्ताहाल जीवन जीने को मजबूर हैं। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को लिखित पत्राचार कर जानकारी दी गयी है लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि मजदूर हित में जल्द से जल्द उक्त कोलियरी शुरू की जाये। सामाजिक कार्यकर्ता रवि डे ने कहा कि यह कोलियरी झारखंड सरकार के अधीन है बावजूद यह बंद पड़ा है यह हास्यापद है। यहां से सीसीएल के कोलियरी से रैक के रैक कोयला बाहर भेजा जा रहा है जबकि स्थानीय लोग बगैर काम के पलायन कर रहे हैं। लोगों ने कहा कि जल्द ही इस कोलियरी के विषय में सरकार ने नहीं सोचा तो सर्वसमिति से बैठक कर जोरदार आंदोलन शुरू होगा। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड में इंटक यूनियन नेता धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में होने वाले यूनियन अधिवेशन कार्यक्रम में अधिक से अधिक मजदूर हिस्सा लेंगे। मौके पर जगा उरांव, राजनाथ उरांव, लाल बिहारी यादव, मुनेश्वर राम, रामलाल यादव, विजय साह, रघुवीर सिंह मोतीराम, धनेश्वर राम समेत बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

## बीडीओ ने बड़कीचापी पंचायत में योजनाओं का किया निरीक्षण



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा द्वारा बड़कीचापी पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम बागवानी, बिरसा सिंचाई कूप योजना, अबुआ आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में श्रीमती मिश्रा ने कुंडगड़ा गांव निवासी शुशीला देवी के पुराने कच्चे घर का अवलोकन किया। उनकी स्थिति को देखते हुए उन्होंने शुशीला देवी को आवास योजना के अंतर्गत आवास की तत्काल स्वीकृति प्रदान की। साथ ही पंचायत स्वयंसेवक ओमप्रकाश प्रजापति को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की जांच कर आवास प्लस सर्वेक्षण सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। उन्होंने मौके पर उपस्थित कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को सौंपा गया कार्य इमानदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा करना अनिवार्य है। इस अवसर पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायत सचिव जीत बाहन उरांव, रोजगार सेवक मो असदुल्ला, स्वयंसेवक ओमप्रकाश प्रजापति सहित कई अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीसी ने कराटेकारों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** कानपुर के द स्पॉट हब में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा जिला के कराटे खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा 18 से 20 अप्रैल 2025 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में लोहरदगा जिला कराटे संघ एवं एसएस स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के 11 कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। शुक्रवार को उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि उक्त चैंपियनशिप में मलेशिया, वियतनाम, दुबई, थाईलैण्ड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि देशों से लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें लोहरदगा की ओर से कराटे खिलाड़ी सानिया परवीन ने गोल्ड और ब्रॉन्ज, सिपु कुजूर ने गोल्ड और सिल्वर, मृगांक वैभव ने गोल्ड, उमर रजा ने गोल्ड, संतुष्टि महली (द्वितीय स्थान), अर्श अर्पित टोप्पो ने सिल्वर मेडल, उमर अंसारी ने सिल्वर मेडल, मनीष भगत (तीसरा स्थान), अंकित कुजूर (तीसरा स्थान), रोनित कुजूर (तीसरा स्थान), रामचंद्र उरांव (तीसरा स्थान) हासिल किया। खिलाड़ियों के साथ कोच श्रवण साहू और अन्य सपोर्टिंग स्टाफ भी उपस्थित थे।

## डीसी ने चंदवा आइटीआइ का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार के चंदवा प्रखंड में लातेहार उत्कर्ष गुप्ता चंदवा पहुचे चंदवा प्रखंड आकर औद्योगिक शिक्षण केंद (आइआइटी) का निरीक्षण किया। श्री गुप्ता ने आइटीआइ के सभी क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया। देखा गया कि उपायुक्त के आने की सूचना पर आइटीआइ प्रबंधक के द्वारा झाड़ियां अंदर की काटी जा रही थी। सामने आइटीआइ भवन को छोड़ दिया जाये तो पिछले वाले जितने भी भाग हैं। उन भागों में कई वर्षों से झाड़ियां लगी हुई है। उसको साफ सफाई करने का कार्य आइटीआइ प्रबंधन तो सोचता ही नहीं है। वहीं 2016 से ही आइटीआइ का प्रशिक्षण केंद्र चंदवा में चल रहा है। परंतु 2025 के अप्रैल माह से सात शिक्षकों की बहाली की गयी है। पूर्व में जो भी शिक्षक यहां आया करते थे। वह यदा कदा ही बच्चों का क्लास लिया करते थे। दूसरे जिले से सप्ताह में एक या दो दिन शिक्षकों की आने की प्रोनोति होती थी। ऐसी हालात देखकर लातेहार उपायुक्त भी कुछ कहने से बचते रहे। उसके बाद उपायुक्त महोदय मत्स्य विभाग, चंदवा थाना परिषर, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय और चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी निरीक्षण किया। इन सभी कार्यालय में निरीक्षण करने के बाद भी उपायुक्त ने कुछ भी नहीं कहा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा अंचल पदाधिकारी चंदवा पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार समेत कई मौजूद थे।

# 10 लाख के इनामी उग्रवादी शशिकांत दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़, 100 राउंड फायरिंग

## पुलिस को भारी पड़ता देख भागे सभी उग्रवादी, उनके कई सामान बरामद



उग्रवादियों से मुठभेड़ के बाद जब्त सामाज को देखते पुलिस के जवान।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती उदयपुरा टू पंचायत के सिंजो महुअरी के जंगल में शुक्रवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के 10 लाख रुपये के इनामी जोनल कमांडर शशिकांत दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान दोनों ओर से करीब 100 राउंड गोलियां चलायी गयी। मुठभेड़ एक घंटे तक चली। हालांकि पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें दैनिक उपयोग के सामान, मेडिकल से संबंधित सामान, दो प्लॉस्टिक की चटाई, दो कंबल, पानी की जरकिन और कारतूस का खोखा बरामद हुआ। घटनास्थल जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर है। बतातें चलें कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देदेश पर नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों एवं उग्रवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसपी रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली कि उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के जोनल कमांडर एवं 10 लाख के इनामी शशिकांत एवं उसके दस्ते के सदस्य नगीना, गौतम, मुखदेव एवं अन्य तरहसी थाना क्षेत्र के सिंजो महुअरी के जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से जमा हुए हैं। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मनातू के थाना प्रभारी निर्मल उरांव, तरहसी के थाना प्रभारी नीरज कुमार और पांकी के थाना प्रभारी राजेश रंजन एवं तकनीकी शाखा की टीम बनाकर कार्रवाई की गयी। सिंजो महुअरी जंगल में पहुंचने पर सामने से उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने आत्मसमर्पण करने को कहा। पर उग्रवादी पुलिस को लक्ष्य कर गोलियां चलाते रहे। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की कार्रवाई देख सभी उग्रवादी घने जंगल और पहाड़ का लाभ उठाकर भाग निकले। इसके बाद पूरे एरिया में सर्च करने पर उग्रवादियों के कई सामान बरामद हुए। तरहसी के थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि मुठभेड़ सुबह 10.30 बजे से लेकर 11.30 बजे तक चली।

# कुख्यात नक्सल कमांडरों की संपत्तियां होगी जब्त



**पलामू (आजाद सिपाही)।** कुख्यात और इनामी नक्सल कमांडरों की संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। पुलिस नक्सल कमांडरों की संपत्तियों का आकलन करेगी और यूएपीए के धाराओं में जब्त करेगी। दरअसल, पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर ने नक्सल एवं अपराध को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय, लातेहार एसपी कुमार गौरव सहित सीआरपीएफ के कई टॉप अधिकारी मौजूद थे। प्रशासन की इस समीक्षा बैठक में पलामू जोनल आईजी ने इनामी एवं कुख्यात नक्सलियों के संपत्ति का आकलन कर जब्त करने का निर्देश दिया है। सीआरपीएफ और पुलिस टॉप नक्सल कमांडरों के खिलाफ अभियान चला कर कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाएगा। इलाके में वैसे नक्सली जो वर्षों से फरार है और उनके खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं, उनके खिलाफ कुर्की कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। बैठक में कहा गया कि वैसे मामले जो महिलाओं से जुड़े हुए यौन शोषण के हैं, इन कांडों का निष्पादन 60 दिनों के अंदर किया जाएगा। नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ लंबित मुकदमे को अनुसंधान को तेज करने का आदेश दिया गया है. जोनल आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि कई दिनों से इस कार्रवाई को लेकर सभी पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया गया है. बैठक में नक्सली कमांडरों की संपत्ति को जब्त करने को कहा गया है. नक्सली एवं अपराध के खिलाफ अभियान चलाने के साथ-साथ कई बिंदुओं पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है।

# कदाचारमुक्त करायें नीट की परीक्षा: डीसी

## नीट परीक्षा 4 को, पलामू में बनाये गये चार केंद्र

- गिरोह एवं अवांक्षित व्यक्तियों पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर
- सीसीटीवी, जैमर और बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र का हो रहा अधिष्ठापन
- परीक्षा केंद्रों पर पेयजल एवं दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था
- एम्बुलेंस के साथ तैनात रहेगी मेडिकल टीम, परीक्षा को लेकर विशेष बस सेवा का होगा परिचालन



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शंशि रंजन।


आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से आयोजित नीट 2025 परीक्षा चार मई को होगी। इसके लिए पलामू जिले में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्र प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में हैं, जहां अपराह्न दो बजे से 5 बजे तक परीक्षा संचालित होगी। पलामू में 1623 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। इस बीच, परीक्षा आयोजन को लेकर पलामू जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से व्यापक तैयारी की गई है। कदाचार मुक्त, सुगमतापूर्वक एवं सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन को लेकर डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में पदाधिकारियों की बैठक हुई। डीसी ने जिले में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन का सख्त निर्देश दिया। कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर केंद्राधीक्षक/पर्यवेक्षक, दंडाधिकारी के साथ ही पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों के केंद्राधीक्षक कक्ष एवं सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरा, जैमर और बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करें। कहा कि गिरोह एवं अवांक्षित व्यक्तियों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अभ्यर्थियों की जांच के बाद प्रवेश

डीसी ने स्टैटिक दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारियों को जांच टीम द्वारा अभ्यर्थियों की जांच कराकर ही प्रवेश दिलाने का निर्देश दिया है। कहा कि महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला टीम एवं पुरूष अभ्यर्थियों की जांच पुरूष टीम द्वारा की जाए, ताकि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार की कोई अवांछित वस्तु, चिट-पूर्जा आदि लेकर अंदर नहीं जा सकें। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा केंद्र के अंदर केवल परीक्षा संचालन से संबंधित पदाधिकारी एवं वीक्षक एवं कर्मियों को भी प्रवेश देने की बात कही। कहा कि किसी भी गैर व्यक्ति को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश ना करने दिया जाए। डीसी ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को परीक्षा अवधि में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुए कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया है। लगे हाथ आपात स्थिति के लिए परीक्षा केंद्रों पर एम्बुलेंस के साथ ही मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया है। साथ ही परीक्षार्थियों के आवागमन के मद्देनजर परीक्षा तिथि के दिन सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक और परीक्षा समाप्ति के बाद शाम पांच बजे से सात बजे तक जिला अंतर्गत बस स्टैंड एवं स्टेशन से विशेष बस सेवा का परिचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को परीक्षा केंद्रों पर आने वाले दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। डीसी ने परीक्षार्थियों से अपील की कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा निर्धारित वस्तु ही परीक्षा केंद्र पर लाएं। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन को लेकर सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता-सह-गश्ती दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# छतरपुर में बनेगा पोस्टमार्टम हाउस



चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। मरीजों को समयबद्धता के साथ इलाज सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों को ड्यूटी के दौरान अस्पताल में रहने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि कार्य में लापरवाही से मरीजों को परेशानी होगी। इसलिए सभी चिकित्सक सजगता से अपने संबंधित अस्पतालों में उपस्थित रहें। उन्होंने जिले के उत्कृष्ट सीएचसी की सूची तैयार करने, स्वास्थ्य केन्द्रों में खराब सामग्री, भवन को कंडम घोषित कराते हुए सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी चिकित्सा प्रभारी को स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करने, 14 मई को हुसैनाबाद में आयोजित चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने, पीवीटीजी बहुल गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं आयुष्मान कार्ड जेनरेट करने, छतरपुर में पोस्टमार्टम हाउस बनाने एवं हुसैनाबाद के पोस्टमार्टम हाउस को बेहतर रूप से व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। डीसी ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर एलएमओ टैंक का निर्माण कराने का भी निर्देश एमएमसीएच के अधीक्षक को दिया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ एसके रवि, प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# हरिहरगंज के युवक की बिहार की सीमा पर हत्या

मृतक का ट्रैक्टर, बाइक, मोबाइल और बिखरा पड़ा दो हजार रुपये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पत्थरा ओपी अंतर्गत एकौनी गांव के समीप बिहार सीमा क्षेत्र में बुधवार की देर रात एक युवक की हत्या कर दी गई। इस खबर से गुरुवार को पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव के पारपहार टोला निवासी रामराज यादव (33) के रूप मे हुई है। इसकी सूचना के बाद हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई धनंजय कुमार, शशि शेखर पांडेय, पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार, डुमरिया थाना प्रभारी प्रिय अभिनंदन आलोक और गया की एसएसबी टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक मृतक बालू खरीद-बिक्री का कारोबार करता था। इसी सिलसिले में वह अपना ट्रैक्टर देखने बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के हुरमेठ गांव गया था। वहां से घर लौटने के दौरान डुमरिया थाना क्षेत्र के ही बरदउआ झगरउआ झारखंड सीमा से सटे जंगल में घात लगाए बैठे अपराधियों ने उसकी बाइक रुकवाई और पिटाई शुरू कर दी। उसे इतना मारा की मौत हो गयी। पता चला है कि मृतक के ट्रैक्टर चालक मुखिया भुईया ने फोन कर रामराज यादव को बुलाया था कि वह जंगल में रास्ता भटक गया है। इसके बाद जैसे ही रामराज वहां पहुंचा उसकी हत्या कर दी गई। घटना स्थल से ही मृतक का ट्रैक्टर, बाइक, मोबाइल फोन और करीब दो हजार रुपए बरामद किया गया है। डुमरिया थाना प्रभारी प्रिय अभिनंदन आलोक ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि युवक की पीट-पीट कर हत्या की गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए गया भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि घटना स्थल से कई प्रकार की वस्तु बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही अपराधियों को धरपकड़ के लिए सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के ट्रैक्टर चालक के साथ भी मारपीट की गई। फिलहाल चालक से पूछताछ की जा रही है। दूसरी ओर, शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार के बाद हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। छतरपुर एसडीपीओ से गया जिले के इमामगंज एसडीपीओ को फोन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कही। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, संजय यादव, दीपक कुमार यादव, महादेव यादव आदि थे।

# दंगवार-मोहम्मदगंज मुख्य पथ के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विधायक संजय सिंह यादव ने मोहम्मदगंज प्रखंड के कादलकुर्मी में मोहम्मदगंज-दंगवार मुख्य पथ में 15 किलोमीटर तक पथ मजबूतीकरण-राइडिंग क्वालिटी सुधार कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को किया। उन्होंने कहा कि जनहित के मूल कार्य सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, सिंचाई और स्वास्थ्य के अधूरे कार्य को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। कहा कि ग्रामीण इलाके में सड़कों के निर्माण से इस क्षेत्र से जुड़े आमलोगों का समुचित विकास होगा। कहा कि प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीण पथ को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हैदरनगर मुख्य पथ से नहर मोड़ तक बाई सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इससे हैदरनगर एवं मोहम्मद गंज क्षेत्र से जुड़े लोगों को सुविधा होगी। विधायक ने मौके पर उपस्थित संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, विनय सिंह यादव, बालेश्वर यादव, गुड्डू पांडेय, खुर्शीद खान, पचू रजवार, गणेश मेहता, रामबचन मेहता, विनोद पासवान, रामरेखा मेहता, रवि तिवारी आदि उपस्थित थे।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में डॉ कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन को दी गयी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर डॉ कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने डॉ कस्तूरीरंगन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनकी उपलब्धि को विस्तार से बताया। डॉ कृष्णास्वामी कस्तूरी रंगन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में एक दूरदर्शी व्यक्तित्व थे। डॉ कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन एक महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और आधुनिक भारत की शिक्षा क्रांति के शिल्पकार थे। उन्होंने भारत के दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों अंतरिक्ष अन्वेषण और शिक्षा सुधार, में अपनी अमिट छाप छोड़ी। 24 अक्टूबर 1940 को केरल के एर्नाकुलम में जन्में डॉ कस्तूरी रंगन का जीवन अनुशासन, दूरदर्शिता और राष्ट्रनिर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रमुख शिल्पकार के रूप में उन्होंने शिक्षा को नवीन रूप में गढ़ने का कार्य किया, जिसमें समावेशिता, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण को आत्मसात किया गया। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियों के साथ-साथ शिक्षा और ज्ञान के प्रसार में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है।

**प्रारंभिक जीवन और वैज्ञानिक उत्कृष्टता :** डॉ कस्तूरी रंगन ने बॉम्बे विश्वविद्यालय से भौतिकी में ऑनर्स के साथ विज्ञान स्नातक और मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त की और डॉ विक्रम साराभाई के मार्गदर्शन में अहमदाबाद के भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला में काम करते हुए 1971 में प्रायोगिक उच्च ऊर्जा खगोल विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। 1994 से 2003 तक इसरो के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कई ऐतिहासिक सफलताएं दिलाईं। डॉ कस्तूरीरंगन को विज्ञान में अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण जैसे सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया। **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्माण में नेतृत्व :** शिक्षा क्षेत्र में डॉ कस्तूरीरंगन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मसौदे के लिए गठित समिति के अध्यक्ष के रूप में रहा, जिसने 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का स्थान लिया। 2017 में नियुक्त होकर उन्होंने नौ सदस्यीय एक पैनल का नेतृत्व कर जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक व्यापक परामर्श किए। जिसमें शिक्षक, वैज्ञानिक, उद्योग निकाय और समुदाय प्रतिनिधि शामिल थे। डॉको स्कूल से उच्च शिक्षा को विभिन्न स्तरों से जोड़ने पर उन्होने बल दिया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21वीं सदी के भारत के लिए आधार बताया।

# सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट को कल्याण विभाग से मिली मान्यता

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत नौगाढा गांव स्थित सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट को झारखंड कल्याण मंत्रालय की ओर से मान्यता दी गयी है। अब इस इंस्टीट्यूट में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को भी छात्रवृति की सुविधा मिलेगी। इसकी जानकारी इंस्टीट्यूट के चेयरपर्सन नीतेश पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि बीएससी नर्सिंग के छात्रों को 60 हजार और जीएनएम एवं एएनएम के 50 हजार तक की छात्रवृति मिलेगी। यह सुविधा शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू हो गया है। इंस्टीट्यूट के लिये यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस इंस्टीट्यूट में छात्र-छात्राओं के पढ़ने, रहने एवं प्रशिक्षण सहित सभी सुविधा परिसर में उपलब्ध रहेगी।

## डीडीयू रेल मंडल के डीआरएम ने किया जपला सहित कई स्टेशन का निरीक्षण

# नये स्टेशन भवन में शिफ्ट होगा जपला का टिकट बुकिंग काउंटर, डीआरएम का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) उदय सिंह मीना ने शुक्रवार को बीडी सेक्शन के अंकोरहा से सिगसिगी के बीच कई स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण यान से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज सहित कई अन्य रेल स्टेशन पर रेल अवसंरचना का जायजा लिया गया। जपला स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने टिकट बुकिंग काउंटर को पुराने स्टेशन से नए स्टेशन भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मंडल रेल प्रबंधक की ओर से अंकोरहा और नबीनगर में रनिंग रूम का निरीक्षण किया गया एवं वहां रेलकर्मियों से संवाद किया गया। साथ ही दोनों स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और रेल परिचालन की स्थिति का अवलोकन किया गया। जपला, मोहम्मदगंज और हैदरनगर स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं सहित वहां अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहे पुनर्विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा रेलवे ट्रैक की स्थिति और उस पर लगाए गए रेल संरक्षा में महत्वपूर्ण सिस्टम एवं उपकरणों का गहन निरीक्षण किया गया। इस मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा, एसआई कार्तिक बिंझा, स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह सहित संबंधित रेल अधिकारी मौजूद रहे।



हैदरनगर स्टेशन के पास हॉट एक्सेल डिटेक्टर मशीन का निरीक्षण करते डीआरएम।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# वक्फ बिल संशोधन के विरोध में सड़कों पर उतरे मुसलमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वक्फ बिल संशोधन के विरोध में गुमला जिले का मुस्लिम समुदाय शुक्रवार को सड़कों पर उतरा। मुसलमानों के इस जन सैलाब के कारण दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक पूरे शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। लोग हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर वक्फ संशोधन बिल का विरोध करते नजर आये। अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलूस में 35 से 40 हजार लोग शामिल थे।

**अंजुमन इस्लामिया की अगुवाई में निकला मौन जुलुस :** अंजुमन इस्लामिया गुमला के आह्वान पर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एक मौन जुलूस शुक्रवार को नमाज के बाद निकल गया। यह जुलूस मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशानुसार संविधान के दायरे में निकल गया। जुलूस की अगुवाई अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी सचिव मकसूद आलम जामा मस्जिद के इमाम इनआम रब्बानी, जिले के सभी ग्रामीण अंजुमन के ओहदेदारों और तमाम मस्जिद के इमाम ओर उलेमा कर रहे थे।

**वक्फ बिल संशोधन के खिलाफ दिखा आक्रोश :** वक्फ बिल के संशोधन के खिलाफ मुसलमानों का आक्रोश देखने योग्य था। इस विरोध में लोग अपने-अपने हाथों में वक्फ बिल संशोधन के खिलाफ तख्तियां थामे चल रहे थे। तख्तियों में लोकतंत्र की हत्या बंद करो, वक्फ की संपति हमारी है, वक्फ संशोधन बिल मंजूर नहीं, काला कानून वापस लो, वक्फ संशोधन बिल रद्द करो आदि नारे लिखे हुए थे।

**जामा मस्जिद से शुरू हुआ मौन जुलूस :** यह मौन जुलूस थाना रोड से स्थित जामा मस्जिद से शुरू किया गया, जो थाना रोड, टावर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, लोहरदगा रोड होते हुए थाना चौक पहुंचा। थाना चौक से पुनः जमा मस्जिद के पास पहुंचकर जुलूस एक सभा में तब्दील हो गया।

**महामहिम के नाम उप विकास आयुक्त को सौंपा ज्ञापन :** जुलूस की समाप्ति के बाद अंजुमन इस्लामिया का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। उपायुक्त की अनुपस्थिति में उप विकास आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिया गया। जिसमे वक्फ संशोधन बिल को रद्द करने की मांग की गयी है।

जुलूस में निवार्तमान नगर अध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन, आले हसन लड्डन, आफताब आलम लाडले, आशिक अंसारी, फिरोज आलम, खुर्शीद आलम, अफसर आलम कल्लू, कलाम आलम, मुख्तार आलम, डेजी राणा, सहमुल खान, शाहबुद्दीन, मिनहाजुद्दीन खान साहित हजारों की संखया में लोग मौजूद थे।



### वक्फ की संपति पर मुसलमान का अधिकार होना चाहिए : भूषण तिर्की

वक्फ संशोधन कानून के विरोध में निकाले गए जुलुस में स्थानीय विधायक भूषण तिर्की भी शामिल हुए। उन्होने कहा कि वक्फ की संपत्ति पर मुसलमान का अधिकार होना चाहिए। क्योंकि जब भी कोई धार्मिक ट्रस्ट या समिति बनाई जाती है तो उसकी देखरेख, उसकी हिफाजत और उसके उत्तराधिकारी उसी धर्म के लोग हुआ करते हैं। केंद्र सरकार ने वक्फ बिल में संशोधन करके मुसलमान के अधिकारों का हनन किया है। इससे वक्फ की संपत्ति पर मुसलमान का कोई भी अधिकार सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि वे इस कानून का विरोध करते हैं।

### जुलुस के उपरांत वक्ताओं ने रखे अपने विचार

**अंजुमन सदर मुशाहिद आजमी :** जुलूस की समाप्ति के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुशाहिद आजमी पम्मू ने कहा कि वक्फ बिल में संशोधन करके हुकूमत अपने पीठ को खुद थपथपा रही है। यह मुसलमानो के अधिकार का हनन है। इस बिल से मुसलमानो की दान की गयी संपत्ति पर मुसलमान का अधिकार नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल सीधे संविधान पर हमला है।

**अंजुमन सचिव मकसूद आलम :** अंजुमन सचिव मकसूद आलम ने कहा कि वक्फ बिल को हम किसी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते। वक्फ में हमारे पूर्वजों की दान की गयी जमीन है। उसकी देखरेख करने के लिए भारत के मुसलमान काफी है। हम अपने इस अधिकार में किसी की दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

**चैनपुर सदर मो. शकील खान :** चैनपुर के सदर मोहम्मद शकील खान ने कहा कि वक्फ अमेंडमेंट बिल हमारे लिए काले कानून की तरह है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से आग्रह है कि वह विधानसभा में यह पारित करे कि इस काले कानून का झारखंड में अनुपालन नहीं किया जाएगा।

**सिसई सदर मो. सलमान अली :** सिसई अंजुमन के सदर मोहम्मद सलमान अली ने कहा कि मुसलमान अपनी विरासत से समझौता नहीं कर सकता है। क्योंकि मुसलमान अपने मस्जिदों, मदरसों, मजारों और अपने इबादतगाहों से दिलो जान से मोहब्बत करता है।

**झायुमो के उपाध्यक्ष उमर फारुख अंसारी :** झारखंड युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष उमर फारुख अंसारी ने कहा कि वक्फ बिल केंद्र सरकार की सोची समझी साजिश है। यह मुसलमानो के अधिकार का हनन कर किसी एक समुदाय के वोट का ध्रुवीकरण करना चाहती है। केंद्र सरकार हमेशा से फूट डालो शासन करो की नीति पर काम कर रही है।

# बाराती वाहन ने पेड़ को मारी टक्कर, पांच लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पालकोट रोड स्थित पिंजरा डीपा के समीप बाराती वाहन ने पेड़ को टक्कर मार दिया। घटना में कुरडेग निवासी चंद्रमुनी देवी सुधेश्वरी देवी घूनसरी घाघरा निवासी 13 वर्षीय बजरंग गोप कोलेंग नवाडीह निवासी गोपाल साहू और कोबांग निवासी शाखापत्ति देवी घायल हो गये। घटना के बाद वाहन चालक वाहन छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गया। पीछे से आ रहे एक बाराती वाहन ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी इसके बाद सभी घायलों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया इसके बाद गुरुवार की सुबह 5 बजे सदर अस्पताल लाया गया। वहीं घटना में बजरंग को सिर में गंभीर चोट लगी जबकि गोपाल साहू का एक पैर टूट गया साथ ही शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी। परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल इलाज हेतु ले गये।

जानकारी के मुताबिक सभी सिसई के कुम्हार मोड बारात गये थे लौटने के क्रम मे पिंजरा डीपा के समीप चालक को झपकी लग गयी और सड़क किनारे एक पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। घायलों के परिजनों ने बताया मौके पर पालकोट थाना की पुलिस पहुंची थी। लेकिन वाहन को पालकोट थाना द्वारा जब्त नहीं किया गया।

# अखड़ा संस्कृति से जुड़े रहेंगे, तो स्वस्थ रहेंगें : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। करमटोली गांव स्थित सरना स्थल में बैगा विश्राम उरांव, पुजार बुधराम उरांव द्वारा मां सरना की पूजा की गयी जिसके उपरांत समाज के लोगों के बीच सरना फूल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इधर प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा समिति की अगवाई में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जहां अतिथि स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा पूर्व सांसद समीर उरांव सिल्ली एसडीपीओ अनुज उरांव भिखारी भगत महेंद्र भगत शिवराम कश्यप अनिल भगत सहित विभिन्न प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में खोड़हा दल शोभा यात्रा में शामिल हुए। जहां सरना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साह चरम पर था। हर पांव सड़कों पर थिरकते नजर आ रहा था हर हाथ मांदर और नगाड़ा को मधुर धुन देने में व्यस्त था। लोग एक दूसरे का हाथ पकड़ नाचते हुए बिरसा बाग पहुंचे जहां मंच कार्यक्रम उपरांत बेहतर प्रदर्शन करने वाले खोड़हा दल को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अखड़ा संस्कृति से जुड़कर हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने कहा सरहुल पर्व हमें आपसी-भाइचारगी का संदेश देता है। सरहुल पर्व में पहान-पुजार गांव की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। जिस तरह पेड़-पौधे अपने पुराने पत्ते को छोड़ नये पत्ते और हरियाली देती है। ठीक उसी प्रकार सरहुल पर्व भी हमें गांव में सुख-शांति देने का काम करती है सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति है जरूरत है हमें इसे संजोने की। उन्होंने कहा 1500 करोड़ का ढोल नगाड़ा खरीदा जा रहा है जो तमाम गांव में बाटा जाएगा ताकि हम लोगों की संस्कृति बचा रहेगा। समीर उरांव ने हमारे पूर्वज वैज्ञानिक मौसम का पता लगा लेते थे प्राकृतिक का अनुपालन करने वाला समाज हमारा आदिवासी समाज है। हमारा आदिवासी समाज स्वाभिमानी है कभी भी हारने वाला नहीं। जिस प्रकार हमारे मंत्री सरना मसना को बचाने का काम कर रहे हैं उसी प्रकार सिरम टोली सरना स्थल को भी बचाने का करें। मौके पर शिवराम कच्छप, भिखारी भगत, महेंद्र भगत, आलोक बागे, जतरु उरांव, संजू उरांव, बालेश्वर उरांव, बिरसाय उरांव, बसनु उरांव, पवन उरांव, समित का अध्यक्ष करमचंद उरांव, सचिव प्रकाश उरांव, कमलेश उरांव सहित हजारों की संख्या में उत्सव में शामिल लोग उपस्थित थे।



# सीलाफारी लांजी में चार मंदिर का हुआ निर्माण, निकाली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के सीलाफारी लांजी गांव के सीता बगीचा में चार मंदिर का निर्माण किया गया। इस उपलक्ष में शुक्रवार की प्रातः 6:00 बजे नागफेनी नदी से मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष भक्तजन शामिल हुए। कलश यात्रा में लांजी सिलाफारी और आसपास के दर्जनों गांव के ग्रामीण नदी से जल में कलश लेकर मंदिर तक पैदल पदयात्रा की। इस दौरान जय जय श्री राम, बजरंगबली की जय, हर हर महादेव, भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंजायमान रहा। दो लाइन की पंक्ति बद्ध तरीके से श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचे। शुक्रवार से तीन दिवसीय चार मंदिर निर्माण सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जो चार मई को समाप्त होगा। वहीं शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा, झांकी एवं तत्व बेदी स्थापना कार्यक्रम आरंभ किया गया। शनिवार को जलाभिषेक विशेष पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा जिसमें दो बजरंगबली मां दुर्गा और भोले शंकर की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। वहीं रविवार को यज्ञ परिक्रमा पूजन हवन यज्ञ एवं विविध संस्कार के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने बताया समस्त यज्ञ संचालन प्रवचन भजन कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार के विध्व वत पुरोहितों की टोली द्वारा संपन्न होगी। वहीं प्रतिदिन दैनिक सायं प्रवचन भजन सामूहिक आरती कार्यक्रम यज्ञ स्थल सीता बगीचा में आयोजित होगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में देव कुमार सिंह, हरेंद्र, शिव, उमेश, विक्की, राजकेश्वर, भूषण सहित समस्त ग्रामीण का योगदान रहा।



# डीडीसी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों की संख्या, आधार सत्यापन, वजन माप, गृह भ्रमण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषण उपचार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित सेविका/ सहायिका की रिक्तियों और आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा अद्यतन करने, बच्चों के परिजनों का आधार अपलोड करने और वजन मापन की शत प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। महिला पर्यवेक्षिकाओं को गर्भवती महिलाओं की पहचान कर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और लाभ दिलाने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने सेविका/ सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने, आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत और नवीनीकरण, शौचालय, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। पालकोट, बसिया और सिसई के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में खराब चापाकलों को शीघ्र मरम्मत कराने और बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।



## स्पोर्ट्स



बांग्लादेश और यूएई के बीच पिछली द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला 2022 में दुबई में खेली गयी थी, जहां बांग्लादेश ने दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 से सीरीज अपने नाम की थी।

# पाकिस्तान दौरे से पहले यूएइ के खिलाफ दो टी-20 मैच खेलेगा बांग्लादेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश पुरुष क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे से पहले इस महीने के अंत में यूएई का दौरा करेगी, जहां टीम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। ये मुकाबले 17 और 19 मई को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में रात 7 बजे (स्थानीय समयानुसार) खेले जाएंगे। यह दोनों देशों के बीच तीन वर्षों में दूसरी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला होगी।

बांग्लादेश और यूएई के बीच पिछली द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला 2022 में दुबई में खेली गयी थी, जहां बांग्लादेश ने दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 से सीरीज अपने नाम की थी। इस बार भी बांग्लादेश की टीम मजबूत नजर आ रही है, जबकि यूएई को घरेलू परिस्थितियों का फायदा मिल सकता है।

एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुब्हान अहमद ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम एक बार फिर बांग्लादेश पुरुष टीम की मेजबानी करके उत्साहित हैं। पिछले तीन वर्षों में हमने न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी आईसीसी फुल मेंबर टीमों की मेजबानी की है। अब बांग्लादेश की यह दूसरी द्विपक्षीय यात्रा हमारे लिए खास है।

वहीं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीइओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा कि यूएई में दोबारा खेलना हमारे लिए अच्छा अनुभव होगा। ये मुकाबले हमारी टीम के लिए एशिया कप और आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सीजन की तैयारी का अहम हिस्सा होंगे।

बांग्लादेश की यह सीरीज 2025 के टी20 शेड्यूल की शुरूआत है। पाकिस्तान दौरे के बाद टीम श्रीलंका जायेगी, जहां दो टेस्ट, तीन वनडे और दो टी20 खेले जायेंगे। अगस्त में बांग्लादेश भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले होंगे।

दूसरी ओर, यूएई की टीम इन दिनों नीदरलैंड्स में वर्ल्ड कप लीग 2 में खेल रही है, जहां 11 मैचों में केवल दो जीत के साथ वह अंकतालिका में सबसे नीचे है।



## स्कूटी और बाइक की टक्कर में दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के बांसडीह घाटी में शुक्रवार की शाम 6 बजे बाइक और स्कूटी में सीधी भिड़त होने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल रौनक मेहता ने बताया की वह डुमरी प्रखंड में मनरेगा इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। वही साथ में वीएल्डबल्यू मेल प्रकाश तिर्की भी थे। दोनों ड्यूटी समाप्त कर बाइक से बांसडीह होते गुमला आ रहे थे। इसी क्रम में घाटी के पास से स्कूटी में सवार होकर एक युवक रायडीह की तरफ जा रहा था। स्कूटी चालक नशे में धुत था। बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में मेल प्रकाश के बायां पैर में गंभीर चोटे आयी है। वही रौनक मेहता के शरीर के अन्य हिस्सों में चोटे आयी है। इसके अलावे उनके बायां हाथ में गंभीर चोटे आयी है। दोनों अस्पताल में इलाजरत है।

## लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान ने सिकरी स्कूल में निकाली जागरूकता रैली



**जारी (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के नेतृत्व मे जारी प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी के बच्चों एवं शिक्षको के द्वारा शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली मे बच्चों के द्वारा बाल विवाह मिटाना है, बोझ न समझो बेटी को अब आजादी दो बेटी को, शिक्षा जीवन का आधार है इसके बिना जीवन बेकार है, हम सबका है एक विचार बाल विवाह मुक्त परिवार, बाल विवाह अपराध है लड़का हो या लड़की दोनों के लिए श्राप है, बाल मजदूरी पाप है इसके जिम्मेदार हम और आप है जैसे कई नारे लगाये गये। वहीं मौके पर उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सीएसडब्लू नीलम बेक ने कहा कि बाल श्रम बच्चों का अधिकारों का उलघंन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। मौके पर राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी के प्रधानाध्यापक प्रभुदास तिग्गा एवं स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## नाबालिग ने बैंक कर्मी पर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** शाखा बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर राजकुमार सिंह के द्वारा अपने ही घर में खाना बनाने वाली 12वीं कक्षा की नाबालिग आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्राथमिक दर्ज बिशुनपुर थाना में हुआ है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर राजकुमार सिंह अपने घर में एक 12वीं कक्षा की आदिवासी नाबालिक युवती से खना बनवाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पिछले 18 अप्रैल को युवती खाना बना रही थी तभी अचानक के कैशियर युवती को पकड़ कर जोर जबरदस्ती करते हुए अपने बेड तक ले गये। जहां पर युवती के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसे इस बात की जानकारी किसी को नहीं देने का धमकी दिया गया। इसके बाद सुबह कैशियर अपने घर चले गये। घटना के बाद बच्ची भी डरे सहमे अपने घर गई जहां पर उसने अपनी मां को घटना के बारे में पूरी जानकारी दी तब परिजन लाज लिहाजा के डर से चुपचाप थे तभी घर के अन्य सदस्यों को भी इसकी जानकारी हुई तो सभी लोगों ने मिलकर कैशियर के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करने का निर्णय लिया। इधर बिशुनपुर थाना में पीड़िता के द्वारा बैंक आफ इंडिया के कैशियर राजकुमार सिंह के उपर दुष्कर्म करने का प्राथमिक दर्ज कराया गया। जिसके बाद पुलिस ने युवती को मेडिकल जांच एवं 164 का बयान दर्ज करने के लिए गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी की धर पकड़ के लिए पुलिस जुट गयी है।

## झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने मनाया मजदूर दिवस




**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश महिला प्रतिज्ञा एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार की अपराह्न 4:00 बजे जशपुर रोड स्थित डेली मार्केट के पास मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर एसोसिएशन की महिलाएं डेली मार्केट के पास जमा हुई और जिला अध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवकी देवी ने कहा 1 मई को पूरे भारत में मजदूर दिवस मनाया जाता है। गुमला में मजदूरों की स्थिति बेहद खराब है यहां के मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का पैसा भी नहीं मिलता है। कई मजदूरों को काम करा कर उन्हें पैसा भी नहीं दिया जाता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं लेकिन एसोसिएशन मजदूरों की हक को लेकर हमेशा आवाज उठाते रही है साथ ही मजदूरों को संगठित करने का काम भी किया है संगठन सभी मजदूरों को न्याय और अधिकार दिलाने का काम करेगी। गुमला के दिहाड़ी मजदूरों को बरसात के दिनों में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मजदूरों के लिए कोई निश्चित स्थान भी नहीं है जहां वे जमा हो सके फिलहाल पालकोट रोड में ही मजदूर एकत्रित होते हैं जहां पर प्रशासन द्वारा उनके लिए शेड की मांग की जायेगी। मौके पर माया कुजूर, कलावती देवी, केशो देवी, सुधा देवी, उषा देवी, सुमित्रा देवी, भूखली देवी, मुनिया देवी, लक्ष्मी देवी, सरिता देवी विमला देवी, मीना देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एकता रौनियार महिला संगठन ने पहलगाम आतंकी हमले में मरे लोगों को दी श्रद्धांजलि




**गुमला (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों पहलगाम अटैक के विरोध में एकता रौनियार महिला संगठन की ओर से कैंडल जला कर शोक सभा का अयोजन किया गया। कैंडल शोक सभा कर इस अटैक में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में घटना की जानकारी देते हुए इस पूरे घटना का जोरदार विरोध किया गया। महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष लता गुप्ता ने कहा कि यह शोक सभा उन सभी मृतकों को श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित है जिनके लहू से आतंकियों ने बर्बरता का इतिहास लिखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इसका मुंह तोड़ जवाब आतंकियों देना चाहिए। क्योंकि इस घटना में हमारे भाई बहनों की जान गयी है। हमारे देशवासियों के खून का बदला खून होना चाहिए। यह कैंडल शोक सभा का अयोजन रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड गुमला में किया गया था। मौके पर एकता रौनियार महिला संगठन की सचिव सरिता गुप्ता, उपाध्यक्षा ममता गुप्ता, रीता कुमारी गुप्ता और सुलोचना, संरक्षक राधा देवी और सीता गुप्ता, प्रवक्ता श्याम गुप्ता सहकोषाध्यक्षा निपुण गुप्ता साहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## बैंक में धक्का-मुक्की से बुर्जुग बेहोश

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया घाघरा में शुक्रवार को अत्यधिक भीड़ व धक्का मुक्की के कारण बड़काडीह ग्राम निवासी तेंबा उरांव भीड़ के बीचों बीच जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया लगभग 1 घंटे तक जमीन पर पड़ा रहा। किसी ने उसकी मदद नहीं की और ना ही बैंक कर्मियों के द्वारा किसी भी तरह की सहायता पहुंचायी गयी। लगभग 1 घंटे व जमीन पर बेसुध पड़ा रहा जिसके बाद बैंक में ग्रामीणों के द्वारा उसे पानी पिलाकर व शांत जगह पर ले जाकर लेताया गया जिसके बाद उसे होश आया। तेम्बा ने बताया कि वह अपना वृद्धा पेंशन का पैसा निकालने के लिए बैंक आया था। अहले सुबह से ही वह लाइन पर लगा था जैसे ही बैंक खुला सभी अचानक बैंक के अंदर घुसने लगे। चुंकी तेम्बा उरांव बुजुर्ग है उसे धकेलते हुए लोग बैंक के अंदर घुसने लगे इसी दौरान वह गिरकर बेहोश हो गया।

# संगठित होकर श्रमिक भी ला सकते हैं बदलाव : अनुपमा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर गुरुवार को जोड़ापोखर स्थित आवासीय कार्यालय में मजदूर दिवस मनाया गया। अपने संबोधन में कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने कहा कि जिन्होंने अपने हक-अधिकार के लिए आंदोलन किया और शहीद हो गए श्रमिक दिवस उन्हीं की देन है। मजदूर दिवस हमें बताता है कि संगठित होकर श्रमिक भी बदलाव ला सकते हैं। यह दिन आज भी सामाजिक और आर्थिक समानता की मांग को मजबूत करता है। न्यूनतम मजदूरी, बाल श्रमिक निषेध और कार्यस्थल की सुरक्षा जैसी उपलब्धियां मजदूर दिवस आंदोलन का ही परिणाम है। दूसरी ओर, श्रमिक दिवस को 22 श्रमिकों को हर्ल और गेल कंपनी की असंगठित क्षेत्र की नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कहा कि सिंदरी के यूनियन नेता संतोष सिंह के सफल प्रयास से उक्त मजदूरों को रोजगार से जोड़ा गया है। आगे भी रोजगार से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा। वहीं, नियुक्ति पत्र पाने वालों में राजेश कुमार पांडेय, बिपिन बिहारी महतो, राजेश गोराई, दीपक महतो, दिनेश चंद्र प्रमणिक, बलदेव मुखर्जी, रवि कुमार, श्रीकांत दत्ता, भूपेन्द्र कुमार, रंजीत रॉय, अनीश पाल, विश्वजीत बाउरी, धर्मेंद्र प्रमाणिक, प्रिंस कुमार, सुजीत कुमार मण्डल, गौतम मण्डल, सुब्रत मंडल, असलम अंसारी, शेखर रॉय, बिनोद कुमार भुईया और अरुण कुमार शामिल हैं। इस मौके पर संतोष सिंह, बमभोली सिंह, अच्छेयवर प्रसाद, किशोर कुमार, सतपाल सिंह, ब्रोका बाबू और गोपाल धारी आदि उपस्थित थे।

# पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में स्कूली बच्चों ने निकाली प्रतिवाद रैली



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन और कुसुम विहार स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के बच्चों ने संयुक्त रूप से विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये निर्दोश पर्यटकों के विरोध में अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग से कुसुम विहार ,फेस 2 तक रैली निकाली गयी। इस दौरान मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। रैली में बच्चों के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की अध्यक्ष रश्मी सहाय, वाइस प्रेसिडेंट लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, इंदिरा महापात्र शामिल थीं। वहीं, रैली को सफल बनाने में अपर्णा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर करुणेश कौशल, इंचार्ज अनुप्रिया, किया, दीप्ति और आंचल सहित अन्य शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग को लेकर सांसद ढुल्लू महतो को सौंपा पत्र



**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** भाजपा सांसद ढुल्लू महतो को उनके चिटाही स्थित आवासीय कार्यालय में जाकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी एवं हिंदी परिषद के सात प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को एक स्मार पत्र सौंपा। उनसे आग्रह किया है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने को लेकर वे संसद भवन में आवाज उठायें। बतातें चलें कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का ऐतिहासिक अभियान हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्रा ने चला रखा है। जिसमें सभी राज्यों में करीब साढ़े दस लाख से ज्यादा पदाधिकारी एवं सदस्यों की संख्या है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी, मनोहर पांडेय, सर्वानंद ओझा, प्रेम कुमार तिवारी, अनंत कुमार तिवारी, अनील उपाध्याय एवं श्रीराम पाण्डेय शामिल थे।

# स्थानीय लोगों को नियोजन और बकाया भुगतान की मांग को लेकर कार्य किया ठप

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला देव प्रभा आउटसोसिंग के कर्मियों और स्थानीय लोगों ने गुरुवार से जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के बैनर तले बकाया भुगतान एवं स्थानीय युवाओं को नियोजन देने सहित अन्य मांग को लेकर आउटसोसिंग का कार्य पूरी तरह ठप कर दिया। इस दौरान लोगों ने आउटसोसिंग प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विगत दो दिनों से जारी आंदोलन देर रात का जारी रहा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जश्रसं नेता पप्पू पासवान ने कहा कि यहां संचालित आउटसोसिंग कंपनी एवं ट्रांसपोर्टिंग ठेकेदार मनमानी कर रहे है। कंपनी में कार्यरत मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। जिसे जश्रसं कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बार आउटसोसिंग को लगभग सात का कार्य मिला है। यह कंपनी झरिया बस्ताकोला के धरोहर झरिया-धनबाद गोशाला को अपने जद में लेकर उसका अस्तित्व समाप्त करना चाह रही है। पर आउटसोसिंग प्रबंधन के मंसूबों को कामयाब होने नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय को नियोजन देने सहित यहां कार्यरत कर्मियों के बकाया भुगतान करने, देवप्रभा आउटसोंसिग कंपनी में कार्यरत श्रमिकों को 12 घंटे की जगह 8 घंटे कार्य कराने, कंपनी में कार्यरत मजदूरों को एचपीसी वेतन देने, बस्ताकोला से बोरांगढ साइडिंग में चल रहे ट्रांसपोटिंग कार्य में स्थानीय को रोजगार उपलब्ध कराने, बस्ताकोला से गोल 6 में चल रहे ट्रांसपोंटिंग कार्य में रोजगार देने, कंपनी में बैठाए कार्यरत मजदूरों को कार्य पर रखने, बंगाली कोठी एवं भेड़ा कांटा में प्रतिदिन पीने के पानी की व्यवस्था करने, सड़क में प्रतिदिन पानी का छिड़काव, मजदूरों को शेफ्टी किट एवं मेडिकल सुविधा उपलब्ध करने सहित विक्ट्री, चांदमारी, बस्ताकोला, भेड़ाकांटा में पीट वाटर उपलब्ध कराने की मांग को रखा गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि जबतक यह मांगे पूरी नहीं होती तबतक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर देशराज चौहान, शंकर कुमार, बबलू भुइयां, विजय चंद्रवंशी, छोटू, रिंकू मोदक, सुप्रीया रंजन कुमार, मुकेश पासवान और राजन कुमार आदि उपस्थित थे।

## हादसा : ट्रक की लाइट से चकमा खाने के बाद कार अनियंत्रित

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



खायी में दुर्घटनाग्रस्त कार।

**डुमरी/बेरमो।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के सीतानाला के पास शुक्रवार अहले सुबह सड़क दुर्घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान प्रमोद गोप के रूप में हुई है। वह बोकारो जिले के चंद्रपुरा स्थित तेलो का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में उसका भाई तपेश्वर गोप और चचेरे भाई पंचानंद गोप घायल हो गए। कार सवार सभी बगोदर के हरिहरधाम से शादी समारोह में शामिल होकर तेलो चन्द्रपुरा जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एसएनएमएमसीएच ले जाया गया।

जानकारी के मुताबिक इस दिन अहले सुबह तेलो चन्द्रपुरा जाने के क्रम में कार एक ट्रक की लाइट से चकमा खाकर अनियंत्रित हो गयी और सड़क से करीब 50 मीटर नीचे खाई में गिर गई। उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि घटना तड़के चार बजे की है। कार सवार अपने घर बोकारो के चंद्रपुरा जाने के लिए निकले थे। इनको डुमरी से मुड़ना था पर ये आगे की ओर निकल गए। बताया जा रहा कि सामने से आ रहे ट्रक की लाइट से कार चला रहा युवक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और सड़ की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। पुलिस की मानें तो सभी लोग नशे में धुत थे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया। यहां डॉक्टर ने प्रमोद गोप को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल तपेश्वर को बोकारो रेफर किया है। पंचानंद का इलाज धनबाद में ही किया जा रहा है।

## खाई में गिरा ट्रक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना के फुसरो-डुमरी मुख्य मार्ग में चपरी ढलान पर गुरुवार को 18 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हालांकि इस हादसे में चालक और खलासी को सामान्य चोट लगी है।**

# अनाया सिंह उत्तराखंड में आइएससी आर्ट्स स्ट्रीम में 99.25 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्टेट टॉपर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह की बेटी अनाया सिंह ने आइएससी आर्ट्स स्ट्रीम में 99.25 प्रतिशत अंक लाकर उत्तराखंड राज्य विद्यालय यूनिसन वर्ल्ड स्कूल में स्टेट टॉपर बनकर मान बढ़ाया है। जिससे परिवार और शुभचिंतको में खुशी की लहर है। अनुपमा सिंह ने बताया कि हमलोग जन सेवा में व्यस्त रहते हैं। लेकिन बिटिया की कडी मेहनत, खुद से पढ़ने की प्राथमिकता से ही मुकाम को हासिल किया है। 8 घंटा लगातार नियमित रूप से टाइम टेबल बनाकर हर विषय पर ध्यान केंद्रीत किया और अभ्यास करती रहती थी। अनाया आईएएस बनना चाहती है।

# 50 बांस हस्तशिल्पियों के बीच निःशुल्क उन्नत औजार का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** केंद्रीय कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के तत्वाधान में चंदनकियारी प्रखंड सभागार में पांच गांव (बरकामा, बोगुला, धाथरी, सुरजूडीह एवं नौडीहा) कलस्टर से आए 50 बांस हस्तशिल्पियों के बीच उन्नत औजार का वितरण किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अजय कुमार वर्मा और भारत सरकार के सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) भुवन भास्कर आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि हस्तशिल्प केंद्र सरकार का विभाग पहले भी बिरसा क्राप्ट प्रोड्यूसर कंपनी एवं सहयोगी संस्थान जन जागरण केंद्र के सहयोग से कई कार्यक्रम आयोजित कर चुका हैं। जिससे बांस कारीगरों के जीवन स्तर में सहयोगी हुआ है। इस दिन भी 50 बांस हस्तशिल्पी कारीगरों के विकास एवं उत्थान के लिए उन्नत टूल्स देना सराहनीय है। उन्होंने हस्तशिल्पियों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं, सहायक निदेशक ने कहा कि निश्चित ही यह कार्यक्रम हस्तशिल्पियों के कौशलता को निखारने और उनकी उत्पादकता एवं आमदनी को बढ़ाने में सहायक साबित होगी। बांस कारीगरों के उत्थान के लिए यह उन्नत टूल्स अति आवश्यक था। झारखंड में बांस हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार के जरिये उत्पादकता बढ़ाने, समान गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन में सहायक होगा। उन्होंने हस्तशिल्पियों से समूह में काम करने को कहा। जिससे उन्हें कच्चा माल के क्रय, उत्पादन और विपणन करने में सहायता प्राप्त होगी। इस दौरान हस्तशिल्पियों के बीच विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मॉडल प्रोड्यूसर क्लस्टर, गांधी शिल्प बाजार, प्रदर्शनी, स्वयं सहायता समूह, इंडिया हैंडमेड पोर्टल, मुद्रा लोन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, इत्यादि विषयों पर विस्तृत विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित रवि जन रोशन ने बताया कि उन्नत औजर मिलने से बांस कारीगरों को उत्पादन और आमदनी बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर बिरसा क्रापट प्रोड्यूसर कम्पनी के सीइओ अश्वनी कुमार, भूयेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद थे।


# जामाडोबा टाटा डीएवी में मनाया गया मजदूर दिवस

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों के अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिए मजदूर दिवस मनाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति से भरा यह कार्यक्रम एकता, सम्मान और प्रशंसा की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरूआत पिंकी सिंह के हिंदी भाषण से हुई, जिसमें मजदूर दिवस के महत्व एवं श्रम की गरिमा पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद कक्षा 6 सी के उत्कर्ष ने अंग्रेजी में भाषण दिया। छात्र शास्वत सिंह और अनिरुद्ध रवानी ने एक हिंदी कविता सुनाई।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए राजकमल सवि मंदिर के तीन खिलाड़ी हुए चयनित

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को करेंगें उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भारत की प्रतिष्ठित खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 का आयोजन चार से 15 मई तक होने जा रहा है। जिसमें 28 खेलों का आयोजन बिहार के पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में होगा । चार मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया यूथ गेम्स का विधिवत उद्घाटन करेंगें। स्वदेशी सिख मार्शल आर्ट गतका में झारखंड से 10 खिलाड़ी, दो कोच एवं एक मैनेजर राज्य सरकार की अगुवाई में शामिल होंगें। जिसमें तीन खिलाड़ी धनबाद के प्रतिष्ठित विधालय राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर की पलक परमा, रणवीर ठाकुर और मिनमय दास शामिल हैं। जबकि कोच पप्पू कुमार हैं। गौरतलब हो कि गत वर्ष पंजाब के संगरूर में आयोजित राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ है। वहीं, स्कूल के तीन विद्यार्थियों के चयन पर प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार और उप प्राचार्या लीला सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड की टीम पप्पू कुमार, राजीव कुमार सिंह एवं विद्या के नेतृत्व में शनिवार को सुबह धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से रवावा होगी। गतका का आयोजन शनिवार से 8 मई तक बोधगया में होना है।

# एएमपी कोलियरी के प्रबंधक और साइड इंचार्ज पर हमला

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत आशाकोठी स्थित संजय उद्योग प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग साइट पर अवैध कोयला कारोबार को लेकर तनाव चरम पर पहुंच गया है। शुक्रवार को इसे लेकर बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या-1 स्थित एएमपी कोलियरी के प्रबंधक पंचल पांडेय और साइड इंचार्ज आशीष कुजूर पर जानलेवा हमला हो गया। यह हमला उस वक्त हुआ जब दोनों अधिकारी दिनदहाड़े अवैध कोयला लदे 16 चक्का ट्रक को रोकने पहुंचे थे। सूत्रों की मानें तो, ट्रक रुकवाने की सूचना मिलते ही कोयला माफिया सक्रिय हो गए और करीब 50-60 की संख्या में नकाबपोश हमलावरों ने संजय उद्योग परिसर के बाहर दोनों अधिकारियों पर हमला बोल दिया। गंभीर रूप से घायल प्रबंधक एवं साइड इंचार्ज को तत्काल डुमरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। उधर, घटना से क्षेत्र में तनाव है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बीसीसीएल के वरीय अधिकारियों ने मधुबन थाना में लिखित शिकायत दी, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। उधर, घटना की कड़ी निंदा करते हुए आजसू के जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने कहा कि यह हमला कानून व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। बताया कि संजय उद्योग के ओपन कास्ट साइट सहित दर्जनों अवैध खदानों में गरीब मजदूरों से हजारों टन कोयला निकलवाया जा रहा है, जिसे तस्कर ऊंचे दामों पर मंडियों में बेचकर सरकार को भारी राजस्व का चूना लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि कुछ दिन पहले ही भारी पुलिस बल और सीआरपीएफ के साथ यहां छापामारी कर हजारों टन अवैध कोयला जब्त किया गया था। बावजूद इसके फिर से वही गतिविधियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब प्रशासनिक अधिकारियों पर भी हमले कर रहे हैं। उन्होंने वरीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई और आशाकोठी में चल रहे अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा ।**
(जिला आपूर्ति शाखा )
(e-Mail id:-dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)
अतिअल्पकालीन निविदा सूचना
(निविदा संख्या–01 / 2025–26)

संचिका संख्या–X-07/2020/II-02/2022-23 के पृश्ठ संख्या–52 पर उपायुक्त, चतरा द्वारा प्राप्त अनुमोदन के आलोक मेंमुख्यमंत्री दाल–भात योजना अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्र संचालकों को चावल मध्यम, चना मध्यम एवं सोया बड़ी मध्यम उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक निविदादाताओं से अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में तकनीकी एवं वित्तीय बीड आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र जिला आपूर्ति शाखा, चतरा से दिनांक–03.05.2025 से 13.05.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक–16.05.2025 के अपराह्न 01:30 बजे तक जिला आपूर्ति कार्यालय, चतरा में प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदा दिनांक–16.05.2025 को अपराह्न 03:30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें चतरा जिला के विभागीय **Website**-https://chatra.nic.in/ पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
चतरा।

PR 351492 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)D

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति,गुमला**
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को उनके मांग के आधार पर शौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड वॉश कॉडिनेटर से संर्पक कर दिनांक 05.05.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

| क0 सं0 | प्रखंड | VWSC/SHG का नाम | पता | शौचालय की संख्या | शौचालय की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, केमटे** 1. श्री बिसनाथ बड़ाईक (अध्यक्ष), ग्राम–केमटे, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति निरांतर सांगा (कोषाध्यक्ष), ग्राम–केमटे, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–केमटे, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 56 अदद | 6,72,000/– |
| 2 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, काडंग** 1.श्रीमति मर्था एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–काडंग, पंचायत– जरजट्टा, प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति एथेल सोरेंग (कोषाध्यक्ष), ग्राम– काडंग, पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड–रायडीह। | ग्राम– काडंग, पंचायत– जरजट्टा, प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 50 अदद | 6,00,000/– |
| 3 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सनियाकोना** 1. श्रीमति मर्था एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–सनियाकोना, पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड– रायडीह 2. श्रीमति बिरसमुनी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सनियाकोना पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड– रायडीह। | ग्राम–सनियाकोना पंचायत–जरजट्टा, प्रखंड– रायडीह जिला–गुमला। | 82 अदद | 7,92,000/– |
| 4 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, नीच डुमरी** 1. श्रीमति सिलवन्ती देवी (अध्यक्ष), ग्राम–नीच डुमरी पंचायत–कांसीर, प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति रितु देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–नीच डुमरी पंचायत–कांसीर, प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–नीच डुमरी पंचायत–कांसीर, प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 61 अदद | 7,32,000/– |
| 5 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, लादू** 1. श्री बिसनाथ बड़ाईक (अध्यक्ष), ग्राम–लादू, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति सचिता देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–लादू, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–लादू, पंचायत–केमटे प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 86 अदद | 10,32,000/– |
| 6 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सुरसांग** 1. श्रीमति आशा सुचिता एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–सुरसांग, पंचायत–सुरसांग,प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति मुनेश्वरी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सुरसांग, पंचायत–सुरसांग,प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–सुरसांग, पंचायत–सुरसांग, प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 56 अदद | 6,72,000/– |
| 7 | रायडीह | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, ऊपर खटंगा** 1. श्रीमति कान्ता एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–ऊपर खटंगा पंचायत–ऊपर खटंगा प्रखंड–रायडीह। 2. श्रीमति कांति कुजूर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–ऊपर खटंगा पंचायत–ऊपर खटंगा प्रखंड–रायडीह। | ग्राम–ऊपर खटंगा पंचायत–ऊपर खटंगा प्रखंड–रायडीह। जिला–गुमला। | 48 अदद | 5,76,000/– |
| 8 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, चुगलू** 1. श्री रमेश उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–चुगलू, पंचायत–डुमरडीह, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति चन्द्रमनी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–चुगलू, पंचायत–डुमरडीह, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–चुगलू, पंचायत–डुमरडीह, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 89 अदद | 10,68,000/– |
| 9 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़सारू** 1. श्री विनोद उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–गढ़सारू, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति लक्ष्मी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–गढ़सारू, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–गढ़सारू, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 55 अदद | 6,60,000/– |
| 10 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, चाहा** 1. श्री विनोद उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–चाहा पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति सोशन बाड़ा (कोषाध्यक्ष), ग्राम–चाहा पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–चाहा पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 125 अदद | 15,00,000/– |
| 11 | गुमला | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जोराग** 1. श्रीमति बीना देवी (अध्यक्ष), ग्राम–जोराग पंचायत–करौन्दी, प्रखंड–गुमला। 2. श्रीमति शांति देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–जोराग पंचायत–करौन्दी, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–जोराग पंचायत–करौन्दी, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 125 अदद | 15,00,000/– |
| 12 | अलबर्ट एक्का जारी | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, धोबारी** 1. श्री विनय एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–धोबारी पंचायत–जरडा, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। 2. श्रीमति हिल्दा तिर्की (कोषाध्यक्ष), ग्राम–धोबारी पंचायत–जरडा, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। | ग्राम–धोबारी पंचायत–जरडा प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। जिला–गुमला। | 41 अदद | 4,92,000/– |
| 13 | अलबर्ट एक्का जारी | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सिकरी** 1. श्री माईकेल कूजूर (अध्यक्ष), ग्राम–सिकरी, पंचायत–सिकरी, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। 2. श्रीमति मंजू देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सिकरी, पंचायत–सिकरी, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। | ग्राम–सिकरी, पंचायत–सिकरी, प्रखंड–अलबर्ट एक्का जारी। जिला–गुमला। | 75 अदद | 9,00,000/– |
| 14 | बिशुनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अम्बाकोना** 1. श्रीमति पुष्पा चोरांठ (अध्यक्ष), ग्राम–अम्बाकोना, पंचायत–गुरदरी, प्रखंड–बिशुनपुर। 2. श्रीमति अमिका असुर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–अम्बाकोना, पंचायत–गुरदरी, प्रखंड–बिशुनपुर। | ग्राम–अम्बाकोना, पंचायत–गुरदरी, प्रखंड–बिशुनपुर। जिला–गुमला। | 80 अदद | 9,60,000/– |
| 15 | बिशुनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अमतीपानी** 1. श्रीमति सुनिता देवी (अध्यक्ष), ग्राम–अमतीपानी, पंचायत–अमतीपानी, प्रखंड–बिशुनपुर। 2. श्रीमति होलिका असुर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–अमतीपानी, पंचायत–अमतीपानी, प्रखंड–बिशुनपुर। | ग्राम–अमतीपानी, पंचायत–अमतीपानी, प्रखंड–बिशुनपुर। जिला–गुमला। | 70 अदद | 8,40,000/– |

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,गुमला

PR 351517 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

## मधुपुर प्रखंड कार्यालय में स्कूल रूआर कार्यशाला का उद्घाटन

# ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ें : पद्मिनी देवी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** स्कूल रुआर 2025 के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख पद्मिनी देवी, उप प्रमुख उमेश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास, बीइओ विनोद कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल रूआर 2025, बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार प्रत्येक साल की तरह इस साल भी बैक टू स्कूल कार्यक्रम चला रही है। इस कार्यक्रम के तहत वैसे बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ना है, जो ड्रॉप आउट की श्रेणी में आ गये हैं या वैसे बच्चों को स्कूल लाना है, जो अब तक स्कूल से बाहर हैं।

कार्यशाला के माध्यम से प्रमुख ने मौजूद तमाम पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि वह इस अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी निभाते हुए बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। वहीं कार्यशाला में मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि बैक टू स्कूल कैंपेन सरकार की एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस अभियान में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कर नये बच्चों या ड्राप आउट बच्चों को नये सिरे से विद्यालय से जोड़ कर उन्हें शिक्षा के मुख्य धारा में शामिल करना है। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के तहत अलग-अलग दिवसों में होने वाले गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने का आह्वान किया।

वहीं इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवास विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। मौके पर बीपीओ ताहिर हुसैन, डॉ दिवाकर पंकज, कस्तूरबा के वार्डन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आरक्षी नीलमणि पासवान का निधन मर्माहत करनेवाला : डॉ सुनील खवाड़े



देवघर (आजाद सिपाही)। जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने गोड्डा जिला में पदस्थापित पुलिस जवान नीलमणि पासवान के असामयिक निधन पर शोक एवं दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा नीलमणि पासवान काफी होनहार थे। उनका अचानक यूं चला जाना स्तब्धकारी एवं मर्माहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि चूंकि वे कबड्डी संघ से जुड़े हुए थे और मेरे पड़ोसी भी थे, इस वजह से मेरा उनसे व्यक्तिगत जुड़ाव था। यह मेरी निजी क्षति है। उन्होंने कहा कि नीलमणि न केवल एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जवान थे, बल्कि बहुत प्रतिभावान कबड्डी खिलाड़ी थे। उनमें अद्भुत अनुशासन था। उन्होंने राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक तक प्राप्त किया था। डॉ खवाड़े ने शोक की इस बेला में दिवंगत पासवान के परिवारजनों के साथ संवेदना प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। साथ ही कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र देव, बीरेंद्र सिंह, आलोक सहित संघ के तमाम सदस्यों ने अपने होनहार एवं प्रतिभावान खिलाड़ी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति की प्रार्थना की है।

## डेढ़ लाख के कपड़े और नगदी की चोरी



मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर थाना क्षेत्र के गोंदलीटांड़ में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर आयशा फैशन नामक एक रेडिमेट कपड़ा दुकान में लगभग एक लाख 60 हजार मूल्य के वस्त्र और गल्ला में रखे नगद 2200 रुपये चोरी कर ली है। दुकान मालिक अरमान अंसारी द्वारा मधुपुर थाना में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती रात गोंदलीतांड़ स्कूल के सामने मेरी रेडिमेड वस्त्र की दुकान आयशा फैशन में रात अज्ञात चोरों ने पीछे से सेंधमारी कर दुकान में रखा सूट का पीस 10 बंडल, जींस पैंट 10 बंडल, शर्ट तथा नॉर्मल शर्ट एवं साड़ी एवं छोटा-मोटा सामान की कीमत 1 लाख 60 हजार रुपया तथा दुकान के गले में 22 हजार रुपये रखे चुरा लिये। मधुपुर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

# आधार सीडिंग के लिए मधुपुर में लगा शिविर



● एसडीओ राजीव कुमार ने निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** मधुपुर देवघर उपायुक्त विशाल सागर के निर्देश पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का आधार सीडिंग को लेकर नगर परिषद कार्यालय सभागार में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसके अलावा मधुपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में भी शिविर का आयोजन किया गया है। कैंप में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक मंईया सम्मान योजना के लाभुक महिला काफी संख्या में पहुंच कर अपना अपनी आधार सीडिंग करायी। वहीं एसडीओ राजीव कुमार ने बताया कि यह शिविर एक मई से सात मई तक लगातार 7 दिन तक चलेगा, जो भी मंईया सम्मान योजना का लिस्ट मेरे पास है। इसके अलावा सूचना पट्ट पर चिपका दिया गया है, ताकि अपना लिस्ट देखकर पता लगा सकें कि क्या खामियां हैं। मौके पर सीओ यामुन रविदास, संजय कुमार मिश्रा, बीडीओ अजय कुमार दास, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र कुमार, पंकज कुमार, राहुल कुमार, मेहताब आलम, नवाब अंसारी, समेत अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## रंगदारी नहीं देने पर मारपीट, केस दर्ज

जसीडीह (आजाद सिपाही)। जसीडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में रंगदारी नहीं देने पर एक दुकानदार के साथ मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित धीरज कुमार ने पुलिस को बताया है कि वह चांदपुर गांव के पास मुख्य सड़क पर ऑटो पार्ट्स और वॉशिंग पिट्स की दुकान चला कर जीवन यापन करता है। उसकी दुकान अच्छे से चलने के कारण गांव के ही आलोक आनंद, गोलू कुमार, बुधन यादव और अन्य 5-6 अज्ञात लोग बुधवार को दुकान पर आकर गाली गलौज करने लगे और 50 हजार रुपए प्रतिमाह रंगदारी की मांग की। जब धीरज ने रंगदारी देने से इनकार किया तो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी और दुकान के काउंटर से 28 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले को लेकर छानबीन करने में जुटी हुई है।

PSM AUTOMOTIVE HUB
(A MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE)
OUR SERVICE
CAR Wash | Wheel Alignment & Balancing | Mechanical Work | Insurance Claim / Renewal | Electrical Work | Denting & Panting | AC Service | Genuine Parts Available
72610 24907, 73013 75193 10% DISCOUNT
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

Now Showing SUJATA PICTURE PALACE
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 03rd May, 2025 onwards!
Raid 2 : 11.00, 1.45, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
HIT -The Third Case : 10.15, 3.45
Raid 2 : 6.45
Jaat : 1.15
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

BU Adding value since 2009
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
bathsense | ESSESS | ASTRAL ADHESIVES | m-seal | PRECISION | Racold | VENUS | C.R.I. PUMPS | fresh'n
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

HOTEL RAMA
AC & NON- AC ROOMS
BOOK NOW 7667855282 9693591164
Add.- H.B. Road, Dipatoli, Near Jharkhand Cancer Center, Kokar, Ranchi

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फेन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

EXPERIENCE The Happy Riding
28,000/- Only
Low Cost Maintenance
License Free
Battery Cost Extra
One year warranty
J.K. SALES
Pillar No.83, In between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazaar, Lakdi Tall, Ranchi.
M.-9386070011, 9386070051

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Junior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
Contact No. 7903079507, 8092334348

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products | MDF Products | Particle Board Products | Epoxy Coating Product | Bunawat Products / Swing | Stainless Steel Products
Nilkamal | AVRO | cello | Supreme
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 7979864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

Shreshtha Soni 7481000333
Google | Justdial | indiamart
RATNA SAGAR
Govt. Regd.
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

ETERNAL CAREER CLASSES
Run By Doctors from Rims
Admission open for NEET (MEDICAL)
Free Classes for NEET Coaching XI XII & XII Pass out
Only One Batch FREE for Each Class
Be A Doctor + By the Doctors
BOOK YOUR SEAT
Branch I - 5th Floor Le-Desire Complex Circular Road, Lalpur, Ranchi
Mob. 6200935394, 6200131542

AJ V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
CERTIFIED GEMS
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

HEALMAX HOSPITAL
Healing To The Maximum
Visit Now
3rd Floor, Chhat Talab Road, Govindpur, Dhanbad - 828109
(Opposite Police Station, National Highway 2)

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**